हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026

अलग अलग रास्तों में दबोचे गए 12 तस्कर, सवा करोड़ का गांजा जब्त

बदला गांजा तस्करी का सिस्टम, बाइक में फेरीवाला बनकर तस्करी ओडिशा से महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी होते मध्यप्रदेश तक सफर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/महासमुंद

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले पुलिस को चकमा देने तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में रेंज पुलिस ने गरियाबंद, धमतरी तथा महासमुंद में बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के 12 गांजा तस्करों को बाइक से गांजा तस्करी करते पकड़ा और उनके कब्जे से पौने चार क्विंटल गांजा जब्त किया। तस्कर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का झांसा देकर अपनी बाइक में कपड़ा तथा कपड़ों के गट्ठे के नीचे बाइक के पीछे कम्पार्टमेंट बॉक्स बनाकर उसमें गांजा लोड कर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे। जब्त गांजा की कीमत सवा करोड़ रुपए आंकी गई है। पूर्व में एंबुलेंस, केला परिवहन की आड़ में, मूवर्स एंड पैकर्स का उपयोग, ऑटो, बस ट्रैवल्स, ट्रेन एवं अन्य तरीकों से गांजा तस्करी के ▶▶|शेष पेज 5 पर

किराए पर हायर किए गए थे सभी तस्कर

पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गिरफ्तार गांजा तस्कर किराए पर हायर किए गए थे। गांजा तस्करी करने वाला रैकेट हायर किए गए तस्करों को आने-जाने का खर्च देने के साथ पैसों का लालच देकर गांजा तस्करी करवा रहा था। सिंडिकेट का मास्टर माइंड गांजा तस्करी करने वाले किराए के आदमियों से सीधे संपर्क करने के बजाय किसी अन्य चैनल से संपर्क कर तस्करी करा रहा है, ऐसा पुलिस को संदेह है।

सिस्टम ऐसा कि किसी को तस्करी का शक न हो

तस्करों ने गांजा को बाइक के पीछे सीट पर कंपार्टमेंट बनाकर कपड़ा तथा कपड़ों के गट्ठा के नीचे इस तरह से दबाकर रखा था कि किसी को उन पर गांजा तस्करी करने की आशंका न हो। बाइक में गांजा ले जाने वाले तस्कर दूर से देखने पर हाट बाजार में घूम-घूम कर कपड़ा बेचने वाले जैसे दिख रहे थे।

गांजा तस्करी करते गिरफ्तार तस्कर

महासमुंद, बसना, कोमाखान - ओडिशा, बालिगुड़ा से गांजा तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जाते पुलिस ने मेताप टाटिया, रमेश चौहान, राजू कुमावत टाकिया, दीपक राजपूत, प्रकाश बंजारा, मोहम्मद रिहान, मनोज सिंह, चंद्रशेखर एकनाथ, जितेन्द्र यादेनकर, विकास एकनाथ को गिरफ्तार किया है।

धमतरी- गाड़ी जांच के दौरान पुलिस ने गांजा तस्करी करते राजेश ओबनी, दौलत सिंह तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी मध्यप्रदेश, बैतूल तथा खंडवा के करने रहने वाले हैं।

खबर संक्षेप

गैस कांड में पूनम चंद्राकर का नाम नहीं

हरिभूमि रायपुर के 10 मई के अंक में महासमुंद के गैस गबन मामले में खबर प्रकाशित हुई थी। इसमें आरोपियों में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर का नाम भूलवश प्रकाशित हो गया था। हरिभूमि की मंशा पूनम चंद्राकर की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने की नहीं थी। मानवीय चूक की वजह से यह अप्रिय स्थिति बनी, इसका हमें खेद है।

-संपादक

तुलजाभवानी मंदिर के पास 253 किलो सोना

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में स्थित तुलजाभवानी मंदिर के पास इस वर्ष 31 मार्च तक स्थिति के अनुसार 253 किलोग्राम सोना और 4,614 किलोग्राम चांदी है। तुलजाभवानी मंदिर ट्रस्ट ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पास 253.30 किलोग्राम सोना और 4614.52 किलोग्राम चांदी है। 2023-24 में ट्रस्ट को 16.49 किलो सोना और 260.66 किलो चांदी प्राप्त हुई।

रेलवे ने खर्च किया 98 फीसदी बजट

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित अपने बजट का 98 प्रतिशत फरवरी के अंत तक खर्च कर दिया था। यह परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को दर्शाता है। मंत्री ने साथ ही कहा कि ट्रेन सेवाएं आने वाले समय में देश के कई मार्गों पर उड़ानों से आगे निकल जाएंगी। वैष्णव ने कहा, पिछले वित्त वर्ष में लगभग पूरा पूंजीगत व्यय मार्च के पहले सप्ताह तक खर्च हो गया था।

30 लाख का पैकेज छोड़ इंजीनियर बना साइबर ठग

नई दिल्ली। बहुराष्ट्रीय कंपनी में 30 लाख रुपए सालाना वेतन पाने वाला 31 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर कथित रूप से अपना कॉर्पोरेट करियर छोड़ एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग गिरोह चलाने लगा, जिसने देश भर के सैकड़ों निवेशकों से करीब 100 करोड़ रुपए की ठगी की है। मुख्य आरोपी की पहचान रवि राठौड़ के रूप में हुई है। उसे दो सहयोगियों के साथ बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया।

प्रधानमंत्री की ऊर्जा बचाने की अपील के बाद रक्षा मंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

पश्चिम एशिया संकट पर सरकार अलर्ट जरूरी सामान और ऊर्जा आपूर्ति पर नजर

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और उससे उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से ऊर्जा खपत कम करने की अपील की है। इस अपील के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की। राजनाथ सिंह ने देशवासियों से कहा कि शांत रहें, घबराएं नहीं। केंद्र जरूरी सामान की कमी रोकने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। इधर, पीएम की अपील के बाद विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा, वहीं शेयर बाजार पर भी असर दिखाई दिया।

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं, जिसका असर भारत पर भी दिखाई दे रहा है। व्यापारिक रास्तों पर दबाव बढ़ रहा है और गैस-तेल जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए सोमवार को अनौपचारिक सशक्त समूह की 5वीं बैठक आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। बैठक में एनर्जी सप्लाई चेन और देश में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता ▶▶|शेष पेज 5 पर

पश्चिम एशिया संकट और ऊर्जा सप्लाई जोखिमों को लेकर राजनाथ सिंह ने हाई लेवल बैठक की। सरकार ईंधन, सप्लाई चेन और आर्थिक सुरक्षा पर नजर बनाए हुए है।

पीएम की अपील पर महाराष्ट्र में एक्शन

- कान्स फिल्म फेस्टिवल में कोई सरकारी प्रतिनिधि नहीं भेजा जाएगा
- सरकारी कामकाज में केवल इलेक्ट्रिक वाहनों का ही इस्तेमाल होगा
- मंगलवार से सभी विभागीय बैठकें ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी

पीएम फिर बोले-सोने की खरीद टालें, तेल कम खाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। विदेश में रहने वाले भारतीयों से कहूंगा कि कम से कम पांच विदेशी मेहमानों को भारत घुमाने लाइए।

शेयर बाजार में हाहाकार डूबे 6 लाख करोड़ रुपए

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। बीएसई सेंसेक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। इस गिरावट के चलते बंबई शेयर मार्केट (बीएसई) में लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 6.20 लाख करोड़ रुपए घटकर 467 लाख करोड़ रुपये रह गया।

तीन सत्रों में सेंसेक्स 2.5 फीसदी गिरा

पिछले गुरुवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है। निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा।

इधर, सियासी उबाल

राहुल बोले-अब देश चलाना पीएम मोदी के बस की बात नहीं

पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बचत की अपील करके अपनी नाकामी का सबूत दिया है। अब देश चलाना एक 'कम्प्रोजाइल्ड' प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है।

केजरीवाल ने पीएम से पूछे सवाल

दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश के सामने सच्चाई रखनी चाहिए कि देश की असली आर्थिक हालत क्या है? उन्होंने कहा कि क्या ये आर्थिक इमरजेंसी की आहट है?

केकेआर के खिलाड़ियों ने बॉलिंग और बैटिंग में कड़ा अभ्यास किया शुरू, आज दोनों टीमें नेट में फिर उतरेंगी

कोलकाता ने बहाया पसीना आरसीबी ने किया आराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को अपने होम ग्राउंड पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों ने सोमवार को आराम किया। खिलाड़ियों ने होटल में समय बिताते हुए खुद को तरोताजा किया। वहीं दूसरी ओर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने सोमवार को शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। सोमवार को हुए अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के खिलाड़ियों ने सबसे पहले रायपुर की पिच के मिजाज को बारीकी से समझा। इसके बाद खिलाड़ियों ने बॉलिंग और बैटिंग का कड़ा अभ्यास शुरू किया। नेट्स पर कप्तान अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और दिग्गज ऑलराउंडर सुनील नरेन सहित अन्य खिलाड़ी जमकर पसीना बहाते ▶▶|शेष पेज 5 पर

अंक तालिका में छलांग लगाने केकेआर को चाहिए जीत

रायपुर में होने वाला यह दूसरा आईपीएल मुकाबला केकेआर के लिए बेहद अहम है। इस मैच में जीत मिलने से कोलकाता अंक तालिका में छलांग लगाकर ऊपर पहुंच जाएगी। लगातार पिछले तीन मैच जीतकर केकेआर अपने पुराने फॉर्म में लौट आई है, ऐसे में वह जीत के रथ पर सवार आरसीबी के लिए एक कड़ी ▶▶|शेष पेज 5 पर

पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत

चिकन और तरबूज खाने के बाद चार बच्चे बीमार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले के ग्राम धुरकोट में एक ही परिवार के 4 बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। पेट दर्द होने पर परिजनों ने बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया। फूड पॉइजनिंग के शिकार एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि 3 का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। बच्चों ने रविवार ▶▶|शेष पेज 5 पर

फूड पॉइजनिंग का संदेह

प्रारंभिक तौर पर मामला फूड पॉइजनिंग का माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। खाने में इस्तेमाल किए गए खाद्य पदार्थों की जांच की जा सकती है, ताकि घटना के कारण का पता चल सके। जानकारों का कहना है कि गर्मी में खुले में रखा भोजन, बासी चिकन, लंबे समय तक कटे फल खतरनाक हो सकते हैं।

शुभेंदु के पीए की हत्या का मामला

यूपीआई लेन-देन से पुलिस के शिकंजे में आए तीन आरोपी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के सिलसिले में सोमवार को उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जांचकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर संदिग्धों में से एक द्वारा किए गए यूपीआई लेनदेन से मिले ▶▶|शेष पेज 5 पर

आरोपी तक ऐसे पहुंची पुलिस

जांच के दौरान यह बात सामने आई कि हमलावरों द्वारा इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार हत्या से पहले बाली टोल प्लाजा से गुजरी थी। उन्होंने कहा कि कार में सवार लोगों में से एक ने कथित तौर पर यूपीआई लेनदेन के माध्यम से टोल का भुगतान किया था। इस डिजिटल भुगतान ने हमें एक मोबाइल नंबर तक पहुंचने में मदद की और एक संदिग्ध की पहचान स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।



छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि

बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

राजश्री महंत रामसुंदर दास
महामंडलेश्वर एवं दूधाधारी मठ
रायपुर एवं शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर

नारायण चंदेल
पूर्व नेता प्रतिपक्ष
छत्तीसगढ़ विधानसभा

सौरभ सिंह
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम

श्रीमती शेषराज हरवंश
विधायक, पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

राघवेन्द्र कुमार सिंह
विधायक, अकलतरा विधानसभा क्षेत्र
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

अंबेश जांगड़े
जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

दिनेश शर्मा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

श्रीमती सत्यलता मिरी
अध्यक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

गगन जयपुरिया
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

प्रशांत सिंह ठाकुर
भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य
एवं रायगढ़ जिला प्रभारी

इंजी रवि पांडेय
प्रदेश प्रवक्ता
भाजपा किसान मोर्चा

रविशेखर भारद्वाज
पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस

कार्तिकेश्वर स्वर्णकार
प्रदेश सहसंयोजक-व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा
पूर्व उपाध्यक्ष-राज्य युवा आयोग
केन्द्रीय संरक्षक -छ.ग. केन्द्रीय स्वर्णकार समाज
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

ठा. कमलेश सिंह बाबा
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

रमेश पैगवार
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका जांजगीर-नैला
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

इब्राहिम मेमन
वरिष्ठ इंका नेता
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह
जिला कोषाध्यक्ष भाजपा
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

राजकुमार साहू
सभापति, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

प्रिंस शर्मा
नेता प्रतिपक्ष- नगर पालिका जांजगीर-नैला
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

लोकेश शुक्ला
अध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल शिवरीनारायण
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

प्रस्तुति:

अभिषेक शुक्ला
जिला प्रमुख
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा

वीरेन्द्र राठौर
मार्केटिंग इंचार्ज
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा

हिमांशु सिंह
मार्केटिंग सहायक
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा

रायपुर
मंगलवार 12 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 24, अंक : 291
पृष्ठ : 14+4+4+8 = 30 मूल्य : 5.00**

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 39.2
न्यून. 26.5

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम

सरकारी आंकड़ा- छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3% मध्यप्रदेश में डेढ़ और गुजरात में 1 प्रतिशत से कम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी हालिया वार्षिक रिपोर्ट (पीएलएफएस 2025) से सामने आया एक आंकड़ा चौंकाने वाला है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3 प्रतिशत है। इसी तरह ये भी बताया गया है कि एमपी में यह दर डेढ़ प्रतिशत और गुजरात में एक प्रतिशत से कम है। अगर हम छत्तीसगढ़ की ही बात करें, तो क्या रिपोर्ट के मुताबिक यहां 97.7 ▶▶|शेष पेज 5 पर

बेरोजगारी दर क्या है?

आम धारणा के विपरीत, बेरोजगारी दर का मतलब यह नहीं है कि कुल जनसंख्या में से कितने लोग बेरोजगार हैं। बेरोजगारी दर का अर्थ श्रम बल में शामिल उन लोगों का प्रतिशत जो सक्रिय रूप से काम की तलाश कर रहे हैं लेकिन उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है। श्रम बल में वे लोग शामिल होते हैं जो या तो काम कर रहे हैं या काम की तलाश में हैं।

कम मजदूरी दिहाड़ी या छोटे-मोटे काम वाले भी रोजगारशुदा



गुजरात की दर क्या कहती है

गुजरात में 0.9 प्रतिशत की दर यह दर्शाती है कि वहां औद्योगिक और विनिर्माण गतिविधियां अधिक हैं, जिससे अकुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों को आसानी से काम मिल जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वहां बेरोजगारी शून्य है; वहां भी 'नौकरी की गुणवत्ता' (जॉब क्वालिटी) एक बड़ा सवाल है।

क्या 97 प्रतिशत लोगों के पास 'पक्का' रोजगार है

क्या 2.3% बेरोजगारी का मतलब 97.7 प्रतिशत लोगों के पास रोजगार है? इसका जवाब तकनीकी रूप से 'हाँ' है, लेकिन व्यावहारिक रूप से इसके पीछे 'अल्प-रोजगार' और 'प्रच्छन्न बेरोजगारी' (छिपी हुई बेरोजगारी) होती है।

मजबूरी का रोजगार

गरीब राज्यों में लोग लंबे समय तक बिना काम के नहीं रह सकते। वे पेट भरने के लिए कम मजदूरी, दिहाड़ी या छोटे-मोटे स्वरोजगार (जैसे ठेला लगाना) में लग जाते हैं। इन्हें भी 'रोजगारशुदा' गिना जाता है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर (5.7 प्रतिशत) ग्रामीण क्षेत्रों (1.8 प्रतिशत) की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। यह संकेत देता है कि जो लोग शिक्षित हैं और बेहतर नौकरी की तलाश में हैं, वे लंबी अवधि तक बेरोजगार रहने का 'जोखिम' उठाते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जो भी काम मिले, उसे कर लेते हैं।

कम दर का मतलब सफलता या मजबूरी

छत्तीसगढ़, गुजरात (0.9 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश (1.5 प्रतिशत) जैसे राज्यों में बेरोजगारी दर कम होने का मतलब यह कतई नहीं है कि वहां हर किसी के पास एक अच्छी सरकारी या कॉर्पोरेट नौकरी है। इन राज्यों में एक बड़ा हिस्सा खेती-किसानी से जुड़ा है। यदि कोई व्यक्ति अपने पारिवारिक खेत में हफ्ते में कुछ घंटे भी काम करता है, तो उसे 'रोजगारशुदा' मान लिया जाता है, भले ही उसकी आय बहुत कम हो।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

जमानत याचिकाओं के जल्द निपटारे पर सुझाए उपाय



नई दिल्ली। देशभर के उच्च न्यायालयों में लंबित जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः सूचीबद्ध करने की व्यवस्था विकसित करने और ऐसे मामलों के निपटारे के लिए एक निश्चित समय-सीमा तय करने जैसे उपाय का सुझाव दिया।

अकासा एयर की 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे से उड़ानें



नई दिल्ली। अकासा एयर 16 जून से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। यह इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइन होगी। नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को हुआ था और वहां से 15 जून से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने जा रहा है। वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी।

यूरेनियम का रोड़ा, अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

ट्रंप ने ठुकराया ईरान का प्रस्ताव, मिडिल ईस्ट में शांति की आखिरी उम्मीद खत्म!

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच मई 2026 में चल रही शांति वार्ता में संवर्धित यूरेनियम का मुद्दा सबसे बड़ा 'रोड़ा' बनकर उभरा है। दोनों देशों के बीच 10 हफ्तों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत हो रही है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम की शर्तों पर सहमति नहीं बन पा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने कहा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया जा सकता।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि इससे 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किया, मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है।

इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, 'अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे।' ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया संस्थान 'एक्सियोस' से कहा, 'मुझे उनका पत्र पसंद नहीं आया। यह ठीक नहीं है। मुझे उनकी प्रतिक्रिया पसंद नहीं आई। हालांकि उन्होंने ईरान के जवाब के बारे में और अधिक जानकारी ▶▶|शेष पेज 5 पर

ट्रंप ने कहा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा, मुझे पसंद नहीं आया

यूएई और कुवैत में ड्रोन अलर्ट जारी हुआ। क्षेत्र में सुरक्षा चिंता बढ़ रही

यूरेनियम भंडार सौंपने की शर्त

अमेरिका ने मांग की है कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम के पूरे भंडार को सौंप दे। ईरान ने इसके जवाब में भंडार का कुछ हिस्सा किसी तीसरे देश को स्थानांतरित करने और कुछ हिस्से को 'डाइल्यूट' (ताकत कम करने) करने का प्रस्ताव दिया है।

ईरान के कड़े तेवर डिजिटल डेटा पर टैक्स की तैयारी

ईरान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के बाद अब डिजिटल डेटा पर टैक्स लगाने की तैयारी में है। इसे 'मुज्तबा का ट्रिलियन डॉलर दांव' माना जा रहा है।

कतर का दूसरा एलएनजी जहाज होर्मुज से गुजरा

कतर का दूसरा एलएनजी टैंकर होर्मुज से गुजर रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मिहजेम नाम का यह जहाज कतर के रस लाफान बंदरगाह से रवाना हुआ है और पाकिस्तान के पोर्ट कासिम की ओर जा रहा है। इसके कल वहां पहुंचने की उम्मीद है।

फिर तेल में लगी आग

अमेरिका और ईरान में बात बनती नजर नहीं आ रही है और इसका खामियाजा दुनिया को भुगतना पड़ रहा है। एक बार फिर यूएस-ईरान के बीच शांति प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन पाई है और होर्मुज स्ट्रेट की बंदी जारी है। इसके बाद अचानक कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आग लग गई है। इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल 4 फीसदी से ज्यादा उछल गया है।

सोना 600 रुपए सस्ता

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपए टूटकर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपए टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपए प्रति 10 ग्राम रह गईं।

प्रधानमंत्री, राजग के शीर्ष नेता रहेंगे मौजूद

हिमंता असम के सीएम के रूप में आज लेंगे शपथ

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम में मंगलवार को हिमंता विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर शर्मा और नयी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसके साथ ही राज्य में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और भाजपा के राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 5 पर

पुडुचेरी में कल पाचवीं बार सीएम बनेंगे रंगासामी

रंगासामी 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को हुए चुनाव में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की शानदार जीत के बाद रंगासामी 5वीं बार मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के लिए तैयार हैं। एन. रंगासामी दक्षिण भारत की सबसे जानी-मानी राजनीतिक हस्तियों में से एक हैं। वे पुडुचेरी के मुख्यमंत्री हैं और ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस के संस्थापक हैं।

नई सरकार से नई उम्मीदें

शर्मा के साथ ही मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों के शपथ ग्रहण करने की भी संभावना है, जिसमें सभी गठबंधन सहयोगियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शर्मा द्वारा नयी सरकार के पहले 100 दिन की प्राथमिकताओं को प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

एसआईआर के तीसरे चरण की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के एसआईआर के तीसरे चरण को शुरू करने जा रहा है। इसके तहत शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जा सकता है, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता शामिल हैं। पिछले महीने केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के कारण आयोग ने इसे लागू करने में देरी की। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद 'आगामी दिनों' में एसआईआर को लागू किया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में शुरू करेगा कार्य

सोमनाथ अमृत महोत्सव में पीएम मोदी

गिर सोमनाथ। सोमनाथ मंदिर में आयोजित 'अमृत पर्व' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर के भव्य शिखर का देश के 11 पवित्र तीर्थों के जल से कुंभाभिषेक किया गया। इस कुंभाभिषेक के लिए एक विशेष कलश का इस्तेमाल हुआ। समारोह के दौरान 11 तीर्थ स्थलों का पवित्र जल मंदिर के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर चढ़ाया गया।

देश में 1 जुलाई से विकसित भारत-जी राम जी कानून

अब 125 दिन की होगी ग्रामीण रोजगार गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि नया विकसित भारत रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 देशभर में एक जुलाई से लागू होगा। इसके साथ ही यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह ले लेगा। सरकार ने इसे विकसित भारत 2047 दृष्टिकोण के अनुरूप आधुनिक ग्रामीण विकास की रूपरेखा बताया है।

सरकार के अनुसार इस कानून के तहत ग्रामीण रोजगार गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रति वर्ष की जाएगी।

क्या चीजें अपरिवर्तित रहेंगी?

रोजगार की मांग करने के 15 दिन के अंदर रोजगार देना अनिवार्य रहेगा, ऐसा न करने पर श्रमिक राज्य सरकारों की ओर से दिए जाने वाले बेरोजगारी भत्ते के पात्र होंगे।

नई योजना में बदल जाएंगे जारी कार्य

केंद्र ने कहा है कि मनरेगा की जगह नए कानून का कार्यान्वयन सुचारु और निर्बाध होगा। मनरेगा को औपचारिक रूप से एक जुलाई 2026 से समाप्त किया जाएगा, उसी तारीख को वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू होगा।

नए कानून से क्या बदलेगा

नए कानून के तहत ऐसे हर ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। पहले यह सीमा 100 दिन की थी। केंद्र सरकार ने कहा कि यह योजना चार व्यापक कार्य श्रेणियों पर केंद्रित होगी, जिनमें जल संरक्षण परियोजनाएं; बुनियादी ग्रामीण ढांचा परियोजनाएं; आजीविका से संबंधित परियोजनाएं; और मौसम संबंधी चुनौतियों से निपटने की परियोजनाएं शामिल हैं।

सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जताई चिंता

'देश के आत्मसम्मान की बजाय तुष्टीकरण को बढ़ावा दे रहीं शक्तियां'

गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष हुए पूरे | प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती

एजेंसी ▶▶| सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में कुछ ताकतें अब भी राष्ट्रीय आत्मसम्मान के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता दे रही हैं और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी। गुजरात के सोमनाथ में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होने आए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव के आगे झुकने को मजबूर नहीं कर सकती।

आत्मसम्मान से जुड़े मुद्दों पर होती रही राजनीति

मोदी ने कहा कि 11 मई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन (1998 में) भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा, 'दुनियाभर में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जहां विदेशी आक्रांताओं ने राष्ट्रीय पहचान से जुड़े स्थानों को तबाह कर दिया। जब भी लोगों को मौका मिला, उन्होंने अपनी विरासत को बहाल किया और उसकी गरिमा को कायम रखा।' उन्होंने कहा, 'हमारे देश में राष्ट्रीय आत्मसम्मान से जुड़े मुद्दों पर राजनीति होती रही और सोमनाथ मंदिर इसका प्रमुख उदाहरण है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहीं ताकतें आज भी देश में सक्रिय हैं।

संकीर्ण राजनीति को पीछे छोड़ने की जरूरत

पीएम मोदी ने कहा, 'हमने राम मंदिर के निर्माण के दौरान भी यही चीज देखी थी कि किस तरह इसका विरोध किया गया। हमें ऐसी मानसिकता के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए और इस तरह की संकीर्ण राजनीति को पीछे छोड़ देना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है।'

वाजपेयी सरकार में हुआ था दूसरा परमाणु परीक्षण

11 मई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण किया था। यह काफी गोपनीय ऑपरेशन था। इसकी तैयारियां इतनी गुप्त थीं कि विदेशी खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इन परीक्षणों के जरिए भारत ने दुनिया को अपनी रणनीतिक और वैज्ञानिक ताकत दिखाई। लेकिन परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका, जापान और कुछ पश्चिमी देशों ने भारत पर कई आर्थिक और तकनीकी प्रतिबंध लगाए थे।

टीएमसी ने हालिया विस चुनाव में हार के लिए एसआईआर को ठहराया जिम्मेदार

मीलॉर्ड! पश्चिम बंगाल में 31 सीटों पर हार के अंतर से ज्यादा वोट एसआईआर में कटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में करारी हार के बाद सत्ता से बाहर होने वाली ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट में नतीजों के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने सोमवार को एसआईआर से जुड़े केस की सुनवाई के दौरान कहा कि इसी के चलते 31 सीटों पर नतीजा प्रभावित हुआ है। बंगाल सरकार के लिए वकील के तौर पर पक्ष रख रहे कल्याण बनर्जी ने कहा कि 31 सीटों पर भाजपा की जीत का अंतर एसआईआर में हटे वोटरों की संख्या से कम है। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर नहीं होता तो इन सीटों का परिणाम कुछ और हो सकता था। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अदालत ने कहा कि आप इसे लेकर अलग से याचिका दाखिल कर सकते हैं। बेंच ने कहा कि ममता बनर्जी समेत 31 सीटों के उम्मीदवार इस दावे के साथ अलग याचिका दायर कर सकते हैं। ममता बनर्जी का नाम बेंच ने इसलिए लिया है क्योंकि भवानीपुर सीट भी उनमें शामिल है, जहां एसआईआर में कटे वोटों से जीत का अंतर कम बताया जा रहा है।

सुको ने ममता समेत इन 31 उम्मीदवारों को अलग से याचिका दायर करने कहा

टीएमसी ने यह दी दलील

टीएमसी के वकील ने कहा कि कई सीटें तो ऐसी भी हैं, जहां कटने वाले वोटों की संख्या और जीत का अंतर बराबर ही हैं। बनर्जी ने कहा कि एक सीट तो ऐसी रही है, जहां टीएमसी कैंडिडेट की हार 862 वोटों से हुई है, जबकि वहां एसआईआर में ही 5432 वोट कटे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच 32 लाख वोटों का अंतर रहा है। वहीं 35 लाख अपील फिलहाल ट्राइब्यूनल के समक्ष लंबित हैं।

बंगाल में पहली बार बनी है भाजपा सरकार

बता दें कि बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा 207 सीटें हासिल की हैं। 294 सीटों वाले राज्य में भाजपा ने पूर्ण बहुमत हासिल किया है और पहली बार सरकार गठन किया है। उसने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया है और खुद पीएम मोदी ने इसे बड़ी सफलता माना है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के दोनों चरणों में 90 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। इस वोटिंग के बाद से ही कयास लग रहे थे कि आखिर यह नतीजा किसके पक्ष में जाएगा।

बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर में फेंसिंग के लिए मिलेगी जमीन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया, भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए

45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। उन्होंने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत उपायों की घोषणा की। अधिकारी ने बताया कि बंगाल अब आयुष्मान भारत सहित कई अन्य केंद्रीय कल्याणकारी परियोजनाओं का भी हिस्सा होगा।

ममता सरकार में नियुक्त सभी मनोनीत अधिकारी बर्खास्त : सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए राज्य सरकार के अधीन गैर-सांविधिक निकायों, बोर्डों, संगठनों और सार्वजनिक उपक्रमों में नियुक्त सभी मनोनीत सदस्यों, निदेशकों और अध्यक्षों के कार्यकाल को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्देश जारी कर दिया है।

प्रधानमंत्री युवाओं के प्रति जवाबदेह, कब तक बर्बाद होगा भविष्य : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता को लेकर सोमवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा

कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं के प्रति जवाबदेह हैं और ऐसे में नौजवनों का भविष्य बर्बाद करने का सिलसिला कब तक जारी रहेगा। प्रियंका ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक बार फिर से नीट-यूजी की परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर खबरें छप रही हैं। भाजपा राज में पिछले कई साल से परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है। इस बार भी तकरीबन 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया।' 'नीट जैसी परीक्षाओं के लिए बच्चे जी-जान से मेहनत करते हैं। माता-पिता अपना सबकुछ दांव पर लगाते हैं, ताकि बच्चों का भविष्य बने, लेकिन हर परीक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है।' कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि संसद में पेपर लीक के खिलाफ लाये गये कथित सख्त कानून का क्या फायदा हुआ, अगर ज़मीनी तौर पर वही भ्रष्टाचार जारी है?

तमिलनाडु में नया घमासान

हार के बाद एआईडीएमके में फूट, एक गुट ने पलानी स्वामी से पद छोड़ने कहा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद एआईडीएमके के भीतर अब खुलकर असंतोष दिखाई देने लगा है। सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ नेता सीवी शनमुगम से जुड़े विधायकों और कई पूर्व मंत्रियों के एक गुट ने पार्टी प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी यानी ईपीएस से पद छोड़ने की मांग की है। पार्टी नेतृत्व को लेकर उठे सवालों ने एआईडीएमके के भीतर नए संकट के संकेत दे दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, एआईडीएमके के भीतर यह नाराजगी विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद तेज हो गई है। पार्टी 234 सीटों वाली तमिलनाडु विधानसभा में सिर्फ 47 सीटें ही जीत सकी है। इसके बाद पार्टी के भीतर नेतृत्व और राजनीतिक रणनीति को लेकर असहमति खुलकर सामने आने लगी है।

लगातार चार चुनावी हार

सीवी शनमुगम से जुड़े विधायकों ने कई पूर्व मंत्रियों के साथ मिलकर ताल ठोक दिया है। इसके साथ ही ईपीएस को साफ संदेश दे दिया है कि लगातार चार चुनावी हार के बाद अब उनके नेतृत्व को स्वीकार करना मुश्किल होता जा रहा है। पार्टी के भीतर यह भी माना जा रहा है कि लगातार खराब प्रदर्शन ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बुरी तरह प्रभावित किया है।

पलानी का फूट से इंकार

हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी पलानीस्वामी ने पार्टी के भीतर किसी भी तरह के संकट से इनकार किया है। उन्होंने एआईडीएमके में फूट की खबरों को खारिज करते हुए दावा किया कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है। लेकिन आंकड़े पार्टी के भीतर बढ़ती बेचैनी की तरफ इशारा कर रहे हैं।

ईडी ने सरकारी गवाह बनने की मांग का किया विरोध

जैकलीन 200 करोड़ की ठगी में बराबर भागीदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की मांग की थी। जैकलीन ने पिछले महीने अदालत में एक आवेदन दायर कर मामले में सरकारी गवाह बनने की मांग की थी, जिसमें चंद्रशेखर मुख्य आरोपी हैं। जैकलीन फर्नांडिस पर चंद्रशेखर से महंगे गिफ्ट लेने का आरोप है, जिनके साथ उनके कथित तौर पर संबंध थे। पटियाला हाउस कोर्ट के सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने फर्नांडिस को ईडी की आपत्तियों पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 12 मई को रखी। ईडी ने उनकी याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि जैकलीन को मामले में मामूली भागीदार नहीं माना जा सकता।

ईडी ने ठुकराई जैकलीन की गुजारिश

एजेंसी के मुताबिक, जैकलीन को चंद्रशेखर की क्राइम हिस्ट्री की जानकारी होने के बावजूद, वह लगातार उसके संपर्क में रहीं। ईडी ने कहा कि जैकलीन को गवाह का दर्जा देना न्याय का उल्लंघन होगा और अपराध की गंभीरता को कम कर देगा। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि चंद्रशेखर ने आपराधिक गतिविधियों से कमाए गए पैसों का इस्तेमाल करके जैकलीन के लिए महंगे गिफ्ट और बाकी चीजों की व्यवस्था की थी।

कांग्रेस ने लगाया आरोप

'केंद्र सरकार ने राहुल की इंस्टाग्राम रील ब्लॉक की'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने दावा किया कि इंस्टाग्राम ने राहुल गांधी की उस रील और फोटो पोस्ट को ब्लॉक कर दिया है, जिसमें वे तमिलनाडु के सीएम विजय के साथ नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने इसका कारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नियमों को बताया। हालांकि सरकारी सूत्रों ने इस आरोप से इनकार किया है। सूचना मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह प्लेटफॉर्म के आंतरिक सिस्टम की एक गलती के कारण हुआ, जिसने गलती से इस पोस्ट को ब्लॉक करने के लिए फ्लैग कर दिया था। हालांकि पोस्ट रीस्टोर कर दी गई है। गांधी रविवार को चेन्नई में थे, जहां उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर विजय के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर इस अभिनेता-राजनेता के साथ अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की थीं।

एक घंटे में 1.2 करोड़ व्यूज हो गए थे

कांग्रेस नेता और गांधी के सहयोगी श्रीवत्स ने दावा किया कि वायरल रील को एक घंटे से भी कम समय में 1.2 करोड़ (12 मिलियन) बार देखा गया था, जबकि वायरल तस्वीरों वाली पोस्ट 4.6 करोड़ (46 मिलियन) लोगों तक पहुंच चुकी थी। मेटा ने इस बात का कोई कारण नहीं बताया है कि आखिर क्यों उनका अकाउंट एक्सेस नहीं हो पा रहा है। श्रीवत्स ने आरोप लगाया, 'यह तकनीकी गड़बड़ी सूचना मंत्रालय के नियमों के कारण हुई है। राहुल गांधी के सोशल मीडिया अकाउंट्स को लंबे समय से रोका जा रहा है।

ईरान के नए सुप्रीम लीडर जिंदा, बंकर में छिपे

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं, लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है। एक न्यूज शो को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

ALLEN Results Validated by
EY
Shape the future with confidence
ALLEN
NEET ka Next Attempt?
Banao apna Best Attempt.
Exam easy ho ya difficult par competition tough hai. Stay ahead with ALLEN.
Doubt hai? Hum solve karenge.
Concept mein confusion? Hum clear karenge.
Sahi direction chahiye? Hum guide karenge.
They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.
Rudhl N. Khatua AIIMS, Bhubaneswar AIR 227807 2024 AIR 306 2025
Deepak Kumar ABVIMS, New Delhi AIR 29890 2024 AIR 402 2025
Samarth Sharma AIIMS, Bhopal AIR 103252 2024 AIR 409 2025
Sanskar Sahu AIIMS, Jodhpur AIR 62157 2024 AIR 422 2025
Ronak SMS MC, Jaipur AIR 28807 2024 AIR 445 2025
Rajat AIIMS, Jodhpur AIR 85699 2024 AIR 485 2025
Shubham Kr. Jha AIIMS, Bhopal AIR 46214 2024 AIR 490 2025
Priyanshu Aanand AIIMS, Rishikesh AIR 26148 2024 AIR 588 2025
Hariom Malav AIIMS, Jodhpur AIR 31622 2024 AIR 603 2025
Palak Kumari AIIMS, Jodhpur AIR 25939 2024 AIR 606 2025
*Graph not to scale
...and many more success stories
ADMISSION ANNOUNCEMENT (Session 2026-27)
NEET (UG) | JEE (MAIN+ADV.) | OLYMPIADS | BOARDS
Class 11th Nurture Course NEET (UG): 12 & 28 May 2026 JEE (Main+Adv.): 12 & 28 May 2026
Class 12th Pass Leader Course NEET (UG): 21 May 2026 JEE (Main+Adv.): 28 May 2026
Class 12th Pass / Ex-ALLEN Achiever Course NEET (UG) : 4 June 2026 (Only at Raipur)
Class 8th to 10th Pre-Nurture & Career Foundation CLASS 8th, 9th & 10th : 12 June 2026
Attention! Get up to 90%* Scholarship based on JEE/NEET 2026 rank/score. *T&C Apply.
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Dates 17 & 24 MAY
For test dates & course start dates visit website or nearest centre. *Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN RAIPUR 8951395440 allen.ac.in/raipur
ALLEN BILASPUR 8951395460 allen.ac.in/bilaspur
ALLEN BHILAI 9048777388 allen.ac.in/bhilai
ALLEN KOTA 86906 60111 allen.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of full-time, paid classroom courses.

चिंतन

विदेशी मुद्रा पर दबाव कम करने के प्रयास

उपभोग और आर्थिक जिम्मेदारी के बीच राष्ट्रहित में संतुलन बनाया जाना बेहद जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को केवल राजनीतिक बयान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, विदेशी यात्राओं में कटौती और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देना दरअसल, एक व्यापक आर्थिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। इसका मूल उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर संभावित दबाव को कम करना और देश को वैश्विक आर्थिक झटकों के लिए तैयार करना है। यह सच है कि वर्तमान में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और स्थिति किसी तत्काल संकट जैसी नहीं है, लेकिन आर्थिक प्रबंधन केवल वर्तमान हालातों को देखकर नहीं किया जाता, बल्कि संभावित जोखिमों को पहले से पहचानकर तैयारी करना ही दूरदृष्टि कहलाता है। मध्य पूर्व में जारी तनाव और हार्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में तेल कीमतों में वृद्धि का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और व्यापार घाटे पर पड़ना तय है। प्रधानमंत्री की अपील का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें जनता की भागीदारी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। यदि नागरिक सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, कार पूलिंग अपनाएं और अनावश्यक ईंधन खर्च कम करें तो इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। इसी प्रकार, इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों को बढ़ावा देना भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम हो सकता है। सोने की खरीद को लेकर की गई अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत अपनी लगभग पूरी सोने की जरूरत आयात के माध्यम से पूरी करता है। यही कारण है कि जब सोने का आयात बढ़ता है तो डॉलर की मांग भी बढ़ती है और व्यापार संतुलन प्रभावित होता है। जीटीआरआई द्वारा इस अपील का समर्थन यह दर्शाता है कि यह केवल भावनात्मक राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि आर्थिक यथार्थ से जुड़ा विषय है। यदि एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना खरीदने से परहेज किया जाए तो इससे विदेशी मुद्रा पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल जनता से संयम की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को भी वैकल्पिक निवेश साधनों को मजबूत और आकर्षक बनाना होगा, ताकि लोग सोने के बजाय वित्तीय निवेश की ओर बढ़ें। साथ ही, आयात आधारित उपभोग कम करने के लिए घरेलू उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाना भी जरूरी है। विपक्ष द्वारा इस अपील को सरकार की विफलता बताना राजनीतिक दृष्टि से स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीय चुनौतियों को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। इतिहास गवाह है कि संकट के समय सामूहिक अनुशासन और मितव्ययिता ने भारत को मजबूत बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 'सप्ताह में एक दिन उपवास' का आह्वान हो या कोरोना काल में जनता की भागीदारी देश ने हर चुनौती में एकजुटता दिखाई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक जिम्मेदारी को केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य के रूप में भी देखा जाए।

मंथन
प्रमोद भार्गव

भारत में जैविक आतंक फैलाने की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मई 2026 में तीन लोगों के विरुद्ध अहमदाबाद गुजरात की विशेष एनआईए अदालत में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया है। इस षड्यंत्र में हैदराबाद के मुख्य आरोपी डॉ. सैयद अहमद मोहिउद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। इसने अपने घर में ही एक घातक जैविक विष बनाने की प्रयोगशाला बना ली थी। इसे अरंडी के बीज से तैयार किया जाता है। इस मामले में सहयोगी आरोपी उप्र के आजाद और मोहम्मद सुहेल को भी गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी आईएसआईएस से जुड़े विदेशी आतंकियों के इशारे पर काम कर रहे थे। इनका लक्ष्य भारत में भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर जैविक जहर फैलाना था। ये फलों, सब्जियों और मंदिरों के प्रसाद में भी जहर मिलाकर हमले की साजिश रच रहे थे।

मंडरा रहा जैविक आतंक का खतरा

जैविक आतंकवाद अब प्रामाणिक सच्चाई में बदलता दिखाई देने लगा है। भारत में जैविक आतंक फैलाने की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मई 2026 में तीन लोगों के विरुद्ध अहमदाबाद गुजरात की विशेष एनआईए अदालत में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया है। इस षड्यंत्र में हैदराबाद के मुख्य आरोपी डॉ. सैयद अहमद मोहिउद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। इसने अपने घर में ही एक घातक जैविक विष बनाने की प्रयोगशाला बना ली थी। इसे अरंडी के बीज से तैयार किया जाता है। इस मामले में सहयोगी आरोपी उप्र के आजाद और मोहम्मद सुहेल को भी गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े विदेशी आतंकियों के इशारे पर काम कर रहे थे। इनका लक्ष्य भारत में भीड़ भाड़ वाले स्थलों पर जैविक जहर फैलाने का था। फलों, सब्जियों और मंदिरों के प्रसाद में भी जहर मिलाकर हमला करने की साजिश रच रहे थे। ये ऐसी आतंकी घटनाओं को दिल्ली, अहमदाबाद और लखनऊ में अंजाम देने की फिराक में थे। दिल्ली पुलिस ने भी मई में आईएसआई के 9 एजेंटों को देश के विभिन्न नगरों से हिरासत में लिया है। ये गिरफ्तारियां इस बात का ठोस सबूत हैं कि आतंकी भारत में जैविक हमला करने की तैयारी में लगे हैं। कृत्रिम बुद्धि की उपलब्धियां अब केवल नौकरी, पढ़ाई और तकनीक तक सीमित नहीं रह गई है। जैविक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों को आशंका है कि एआई भविष्य में जैविक आतंकवाद को भी आसान बना सकता है। कोई भी व्यक्ति वैज्ञानिक विशेषज्ञता हासिल किए बिना बीमारी पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु एवं किटाणु बनाकर उन्हें बड़े समूहों में फैला सकता है।

हाल के दिनों में जीन या आनुवंशिक अनुक्रमण (जेनेटिक सीक्वेंस, सीआरआईएसपीआर यानी क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स जैसी क्रांतिकारी जीन संपादन तकनीक से जीवित जीवों के डीएनए को मनचाहे रूप में परिवर्धित करने के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। ये बायोलॉजीकल इंजीनियरिंग टूल किट्स बाजार में उपलब्ध होने लगे हैं। प्रयोग में लाए जाने वाले कई औजार और अन्य सामग्री ऑनलाइन वेबसाइट से खरीदे जा सकते हैं। इससे हानि नहीं पहुंचाने वाले जीवाणुओं को जानलेवा घातक बनाया जा सकता है। इनके निर्माण में एआई के समय में विकसित हुए लार्ज लैंग्वेज मशीन (एलएलएम) मॉडल को प्रयोग में लाया जाता है। यह एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धि है। इससे इंसानी भाषा को समझने, सारांशित और अनुवादित करके एआई पाठ को कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रस्तुत कर देता है। ये कंप्यूटर मशीन, लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करते हैं। अतएव यह तकनीक इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा से संदर्भ एकत्रित कर इंसान से संवाद करने में सक्षम हैं। इसी तकनीक से आतंकी जैविक हथियार बनाने के उपाय में लगे हैं। किसी भी वैज्ञानिक तकनीक के अनुचित उपयोग के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञों का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि जैविक हथियार बनाने की विधियां ओपन एआई और गूगल जैसे प्लेटफार्म पर सुलभ हैं। हालांकि इस संदर्भ में यह एक अच्छी बात है कि एलएलएम के प्रयोग बड़ी संख्या में गड़बड़ा जाते हैं। फिर भी तकनीकी जानकारी की आसान उपलब्धता से अनेक यूजर इस तकनीक को सीखने में लगे रहें, तो वे विशेषज्ञ बन सकते



हैं। एआई कंपनियां भी अब इस बात को स्वीकारने लगी हैं कि उनके मॉडल मामूली विज्ञान संबंधी ज्ञान रखने वाले जिज्ञासु की जैविक हथियार बनाने में मदद करने में सहायक होते है। ऐसे में रोगाणु बनाने का इच्छुक व्यक्ति जैविक आतंक फैलाने के लिए जैविक हथियार बनाने में सफल हो सकता है। इस संदर्भ में मिशिगन मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी के प्राध्यापक माइकेल इंपीरियेल का कहना है कि डीएनए या आरएनए के कणों से जीवाणु या विषाणु बनाना इतना सरल भी नहीं है कि कोई भी व्यक्ति जैविक हथियार आसानी से बना लें? फिर भी जैविक औजारों से घातक जैविक हथियार बनाए जा सकते हैं। कोरोना वायरस के अस्तित्व में आने के बाद से ही ये आशंकाएं बनी हुई हैं, कि दुनिया के जैव प्रौद्योगिकी में सक्षम देश जैविक या कीटाणु हथियार (बायोवेपन) बनाने में लगे हुए हैं। इबोला के साथ-साथ मारबर्ग वायरस को भी रूस ने टोलेडो परियोजना में शामिल किया हुआ है। इस विषाणु से संक्रमित लोगों में से 88 प्रतिशत की मौत हो जाती हैं। दरअसल, चीन से उपजे कोरोना वायरस ने जैविक हथियारों का नया रास्ता खोल दिया है। इस तरह के औजारों में जीवाणु, विषाणु, कीटाणु, फफूंद और जैविक आविश (पेड़-पौधों व जंतुओं में पैदा होने वाले जहरीले पदार्थ) जैसे संक्रमण फैलाने वाले जीवाणुओं एवं विषाणुओं का उपयोग किया जाता है। आजकल खासतौर से चीन और अमेरिकी वैज्ञानिक विषाणु (वायरस) और जीवाणु (बैक्टीरिया) से प्रयोगशालाओं में छेड़छाड़ कर एक तो नए विषाणु व जीवाणुओं के उत्पादन में लगे हैं, दूसरे उनकी मूल प्रकृति में बदलाव कर उन्हें और ज्यादा सक्षम व खतरनाक बना रहे हैं। इनका उत्पादन मानव स्वास्थ्य के हित के बहाने किया जा रहा है, लेकिन ये कोरोना की तरह ही बेकाबू होते रहे तो तमाम मुश्किलों का भी सामना दुनिया को करना पड़ सकता हैं अमेरिका के विस्कोसिन-मेडिसन विवि के वैज्ञानिक योशिहिरो कावाओका ने स्वाइन फ्लू के वायरस के साथ छेड़छाड़ कर उसे इतना ताकतवर बना दिया है कि मनुष्य शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। मसलन मानव प्रतिरक्षा तंत्र उस पर बेअसर रहेगा। यहां सवाल उठता है कि खतरनाक वीषाणु को आखिर और खतरनाक बनाने का औचित्य क्या है? कावाओका का दावा है कि उनका प्रयोग 2009 एच-1, एन-1 विषाणु में होने वाले बदलाव पर नजर रखने के हिसाब से नए आकार में ढाला गया है। वैक्सीन में सुधार करने के लिए उन्होंने वायरस को ऐसा बना दिया है कि मानव की रोग प्रतिरोधक प्रणाली से बच निकले। मसलन रोग के विरुद्ध मनुष्य को कोई संरक्षण हासिल नहीं है। कावाओका ने यह भी दावा किया था कि उन्होंने 2014 में रिर्वस जेनेटिक्स तकनीक का प्रयोग कर 1918 में फैले स्पेनिश फ्लू जैसा जीवाणु बनाया है, जिसकी वजह से प्रथम विश्व युद्ध के बाद 5 करोड़ लोग मारे गए थे।

पोलियो, रैबिज और चिकनपॉक्स जैसे घातक रोगों के वैक्सीन पर उल्लेखनीय काम करने वाले वैज्ञानिक स्टेनली प्लॉटकिन ने भी कावाओका के काम के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा था, ऐसी कोई सरकार या दवा कंपनी है, जो ऐसे रोगों के विरुद्ध वैक्सीन बनाएगी जो वर्तमान में मौजूद ही नहीं हैं? हाल ही में त्वचा कैंसर के उपचार के लिए टी-बैक थेरेपी की खोज की गई है। इसके अनुसार शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को ही विकसित कर कैंसर से लड़ा जाएगा। इस सिलसिले में स्टीफन हॉकिंग ने सचेत किया था कि इस तरीके में बहुत जोखिम है। क्योंकि जीन को मोडीफाइड करने के दुष्प्रभावों के बारे में अभी तक वैज्ञानिक खोजें न तो बहुत अधिक विकसित हो पाई हैं और न ही उनके निष्कर्षों का सटीक परीक्षण हुआ है। दरअसल मानव निर्मित वायरस इसलिए खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इसे पहले से उपलब्ध वायरस से ज्यादा खतरनाक बनाया जाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

श्वेता गोयल

मानवता की नि:स्वार्थ धड़कन और स्वास्थ्य का भविष्य हैं नर्स

जब भी मानवता की सेवा का उल्लेख होता है तो श्वेत परिधान में लिपटी एक ऐसी छवि मानस पटल पर उभरती है, जिसमें करुणा, धैर्य और समर्पण का अनूठा संगम होता है। यह छवि है 'नर्स' की। समाज के स्वास्थ्य ढांचे में नर्सें वह रीढ़ हैं, जिनके बिना चिकित्सा विज्ञान की गगनचुंबी इमारतें ढह सकती हैं। प्रतिवर्ष 12 मई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाकर धरती के इन 'फरिश्तों' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जननी 'लेडी विद द लैंप' फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने क्रीमिया युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की सेवा कर नर्सिंग को एक गरिमामय पेशे के रूप में स्थापित किया। वर्ष 2026 में इस दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन) ने इस वर्ष के लिए 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' जैसा अत्यंत सार्थक विषय चुना है। यह वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को बचाने और उन्हें संवारने का एक रोडमैप है। नर्सिंग का पेशा केवल दवाइयां देने या घावों पर पट्टी बांधने तक सीमित नहीं है। चिकित्सा जगत में डॉक्टर को यदि मस्तिष्क माना जाए तो नर्सें निश्चित रूप से उस तंत्र की धड़कन हैं। अस्पताल के बंद कमरों में जब एक मरीज अपनी बीमारी से जूझ रहा होता है और उसके परिजन भी साथ नहीं होते, तब एक नर्स ही उसकी मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक बनती है। वे मरीजों के स्वास्थ्य संकेतकों की चौबीसों घंटे निगरानी करती हैं, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे मरीज के टूटते हौसले को अपनी मुस्कान और सांत्वना से जीवित रखती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग को विश्वभर में सबसे भरोसेमंद और पवित्र पेशों में शुमार किया जाता है। एक सशक्त नर्स न केवल रोगी की शारीरिक व्याधि को दूर करने में सहायक होती है, बल्कि अपने नैदानिक कौशल और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता से मृत्यु के द्वार पर खड़े व्यक्ति को जीवनदान भी देती है। भारत के संदर्भ में देखें तो नर्सों के योगदान को पहचान देने के लिए सरकार ने 1973 में 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की थी। प्रतिवर्ष 12 मई को देश के महामहिम राष्ट्रपति उन नर्सों को सम्मानित करते हैं, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा से समाज में एक मिसाल कायम की है। अब तक सैंकड़ों नर्सिंग कर्मियों को यह सम्मान मिल चुका है, जो इस पेशे की महत्ता को दर्शाता है। हालांकि, पुरस्कारों और सम्मानों से परे नर्सों की वास्तविक स्थिति पर विमर्श करना भी आवश्यक है। आज भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रशिक्षित नर्सों की भारी कमी है। विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें अक्सर इस ओर इशारा करती हैं कि विकासशील देशों से नर्सों का पलायन विकसित देशों की ओर हो रहा है। इसके पीछे बेहतर वेतन, बेहतर जीवन स्तर और कार्य की अधिक अनुकूल परिस्थितियां मुख्य कारण हैं। यह पलायन विकासशील देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर पर पड़ता है। किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य व्यवस्था का पैमाना यह नहीं है कि वहां कितने आधुनिक अस्पताल हैं, बल्कि यह है कि वहां प्रति व्यक्ति कितनी प्रशिक्षित नर्सें उपलब्ध हैं। वर्तमान में भारत में लगभग 1100 की आबादी पर एक नर्स है, जो आदर्श मानकों से काफी पीछे है। नर्सों के सामने आने वाली चुनौतियों में सबसे प्रमुख कार्यस्थल पर अत्यधिक दबाव और उचित सुविधाओं का अभाव है। विशेष रूप से निजी क्षेत्रों और छोटे शहरों में नर्सों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है और इसके बदले उन्हें वह सम्मान या वेतन नहीं मिल पाता, जिसकी वे हकदार हैं। इस वर्ष की थीम 'सशक्त नर्सें' हमें अहसास कराती है कि हमें नर्सों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। एक थकी हुई और उपेक्षित नर्स कभी भी अपनी पूरी क्षमता से सेवा नहीं दे सकती। इसलिए, उन्हें नेतृत्व के पदों पर बिठाना और उनके लिए शोध एवं प्रशासनिक कार्यों के द्वार खोलना समय की मांग है। नर्सों का कार्य केवल बिस्तर के पास खड़े रहना नहीं है बल्कि वे स्वास्थ्य शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य और नीति निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वर्ष 1953 में जब डोरोथी सुथरलैंड ने पहली बार इस दिवस का प्रस्ताव रखा था, तब उद्देश्य केवल एक पेशे का जश्न मनाना नहीं था बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाना था। आज 2026 में जब हम इस दिवस को मना रहे हैं तो हमें यह समझना होगा कि नर्सें ही हमारे भविष्य की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी हैं। सशक्त नर्सें ही एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करेंगी।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार

संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

मन की शांति कैसे प्राप्त करें?

संकलित
प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहां उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोले- कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोला- बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोले- घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जाएगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोला- चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोले- तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

अंतर्मन

आज की पाती

एक वोट की ताकत

लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जन-जन की भागीदारी का जीवंत प्रतीक है। इसमें हर नागरिक का वोट समान महत्व रखता है, चाहे वह गरीब हो या अमीर, शिक्षित हो या अशिक्षित। हाल ही में तमिलनाडु की तिरुपत्तूर विधानसभा सीट का परिणाम इस सत्य को फिर से प्रमाणित करता है, जहां मात्र एक वोट के अंतर से चुनाव का परिणाम तय हुआ। टीवीके के उम्मीदवार सीनिवसा सेतुपति आर ने डीएमके के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन को केवल एक वोट से हराया। यह घटना केवल एक चुनावी आंकड़ा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गहराई और उसकी शक्ति का सशक्त संदेश है। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार लोकसभा में विश्वास मत के दौरान केवल एक वोट से गिर गई थी। उस एक वोट ने देश की राजनीतिक दिशा बदल दी।

-आकाश साहू, रायपुर

ट्रेंड

सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक

प्रभास पाटन के तट पर सोमनाथ मंदिर श्रद्धा, भक्ति और भारत की सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक बनकर आज भी अडिग खड़ा है। इस पावन मंदिर ने बर्बर आक्रमणों, विदेशी हमलों और सदियों के चुनौतीपूर्ण कालखंड को पार करते हुए अपनी अमर चेतना को अक्षुण्ण रखा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आत्मनिर्भर बनाने का रोडमैप



पेट्रोल-डीजल के उपयोग में संयम, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा और केमिकल फर्टिलाइजर को छोड़ नेचुरल फार्मिंग को अपनाने का प्रधानमंत्री आह्वान भारत को आत्मनिर्भर और ऊर्जा सुरक्षा राष्ट्र बनाने का स्पष्ट रोडमैप है। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

युवाओं का भविष्य छीन रहे

एक बार फिर से नीट-यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर खबरें छप रही हैं। भाजपा राज में कई साल से परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है। इस बार भी तकरीबन 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। **-प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद

मैं हार नहीं मानूंगी

डब्ल्यूएफआई में सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि मैं इस खेल को छोड़ दूं, लेकिन मैं हार स्वीकार नहीं करूंगी। उन्हें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने दूंगी। आप मुझे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कह रहे हैं। क्या आपने अपनी भाषा देखी है? क्या आपको लगता है कि मैं वहां सुरक्षित हूं? **-विनेश फौगाट**, पहलवान

करंट अफेयर

गणित में भारत के योगदान वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन

विदेश मंत्री एस जयशंकर आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसमें सहस्राब्दियों के दौरान गणित के क्षेत्र में भारत के ऐतिहासिक और समृद्ध योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का शीर्षक है 'फ्रॉम शून्य टू अनंत (ज़ीरो टू इन्फिनिटी)- भारतीय सभ्यता का गणित में योगदान' जिसमें 2,000 से अधिक वर्षों में गणित के क्षेत्र में भारत के व्यापक योगदान और विचार, अनुप्रयोग तथा विकास की विरासत को उजागर किया जाएगा। जयशंकर दो से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की आधिकारिक यात्रा पर थे। वह सोमवार को न्यूयॉर्क जाएंगे और इस संक्षिप्त यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह प्रदर्शनी संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों, राजनयिकों, आगंतुकों और अन्य अधिकारियों को भारत की गणितीय विरासत और योगदान को मानवता की साझा धरोहर के रूप में देखने का अवसर प्रदान करेगी। यह विशेष प्रदर्शनी आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर जैसे महान भारतीय विद्वानों से लेकर केरल के खगोलशास्त्र और गणित विद्यालय तक की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करेगी।

ऑफ बीट

क्रूज जहाजों पर बीमारी फैलने का खतरा अधिक क्यों होता है

समुद्री क्रूज यात्राओं को आम तौर पर आरामदायक और विलासितापूर्ण छुट्टियों के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए ये जहाज यह समझने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं कि संक्रामक बीमारियां किस तरह तेजी से फैल सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, क्रूज जहाज अस्थायी तैरते शहरों की तरह होते हैं, जहां हजारों लोग कई दिन तक एक ही जगह पर रहते, खाते, घूमते और मनोरंजन करते हैं। रेस्तरां, थिएटर, लिफ्ट, केबिन, रसोईघर, जल प्रणाली और बंद सामुदायिक स्थान संक्रमण के प्रसार को आसान बना देते हैं। एक बार कोई संक्रमण जहाज पर पहुंच जाए तो उसे रोकना बेहद कठिन हो सकता है। 'डायमंड प्रिंसेस' जहाज से कोविड 19 का प्रसार इसका सबसे चर्चित उदाहरण माना जाता है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान 'डायमंड प्रिंसेस' जहाज पर 619 यात्री और चालक दल के सदस्य संक्रमित पाए गए थे। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि जहाज की परिस्थितियों ने कोरोना वायरस के प्रसार को तेज किया। हालांकि पृथकवास और अलगाव जैसे कदमों से संक्रमण को कुछ हद तक नियंत्रित किया गया, लेकिन अध्ययन में यह भी कहा गया कि यदि शुरुआती प्रतिक्रिया और तेज होती तो मामलों की संख्या और कम हो सकती थी।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केरल के नए सीएम होंगे वेणुगोपाल! सतीशन ने बढ़ाया दबाव, फैसला एक दो दिनों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कमोबेश तय है, केरलम के अगले मुख्यमंत्री केसी वेणुगोपाल होंगे। अधिकतर विधायकों और सांसदों का समर्थन उन्हें प्राप्त है। शीर्ष नेतृत्व का भी आशीर्वाद है। अमेठी से राहुल गांधी के हार जाने के बाद वेणुगोपाल ने वायनाड सीट खाली कर राहुल गांधी को जिताकर लोकसभा पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान किया था। तभी से वे संगठन का कामकाज बतौर संगठन महासचिव देख रहे हैं। राहुल गांधी जब पार्टी अध्यक्ष थे वेणुगोपाल तब भी संगठन महासचिव थे, खड़गे अध्यक्ष बने तो उनके साथ भी वे जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एक नेता ने बताया कि बुधवार को खड़गे की बंगलोर से पहले वापसी के बाद अंतिम फ़ैसला हो सकता है। ये बात अलग है की मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अंदरूनी खींचतान तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीडी सथीशन ने अपने रुख को और सख्त कर लिया है और साफ संकेत दिए हैं कि वह मुख्यमंत्री पद के अलावा कोई अन्य जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

पार्टी के भीतर चल रहा यह गतिरोध लगभग एक सप्ताह से जारी

सतीशन दूसरी भूमिका के लिए तैयार नहीं : सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व की योजना सतीशन को संभावित सरकार में एक अहम मंत्री की भूमिका देने की है, जबकि मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी आलाकमान की पहली पसंद केसी वेणुगोपाल ही हैं। वहीं, एक अन्य दावेदार रमेश चेन्निथला विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव भी चर्चा में है। हालांकि, सतीशन किसी 'दूसरी भूमिका" के लिए तैयार नहीं दिख रहे। सूत्रों का कहना है कि उन्हें जनता के एक बड़े वर्ग के साथ-साथ कांग्रेस की सहयोगी पार्टी इंडियन यूनियन ऑफ मुस्लिम लीग का भी समर्थन प्राप्त है। यही कारण है कि कांग्रेस नेतृत्व के लिए स्थिति पेचीदा बन गई है।

कर्नाटक जैसे हालात से बचना चाहता है हाईकमान : पार्टी के भीतर चल रहा यह गतिरोध लगभग एक सप्ताह से जारी है और इसकी तुलना कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर हुए सत्ता संघर्ष से की जा रही है, जहां सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार के बीच चली लंबी रस्साकशी ने पार्टी के भीतर लगातार तनाव पैदा किया था। कांग्रेस नेतृत्व अब केरल में वैसी स्थिति दोहराने से बचना चाहता है। सूत्रों के मुताबिक, इस विवाद को सुलझाने के लिए राहुल गांधी ने कल केरल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और कार्यकारी अध्यक्षों की एक अहम बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री चेहरे पर सहमति बनाने की कोशिश होगी।

दबाव की राजनीति से नाराज है हाईकमान

इस बीच, पार्टी हाईकमान सतीशन और चेन्नीथला के समर्थकों द्वारा अपनाई जा रही 'दबाव की राजनीति" से नाराज बताया जा रहा है। तिरुवनंतपुरम में जहां वेणुगोपाल के पोस्टर और कटआउट पार्टी कार्यालयों में लगाए जा रहे हैं, वहीं सतीशन समर्थक शक्ति प्रदर्शन के लिए विरोध-प्रदर्शन और रैलियां कर रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व इस बात को भी लेकर सतर्क है कि यदि सतीशन नाराज होते हैं तो इसका राजनीतिक नुकसान हो सकता है। सतीशन लंबे समय से राज्य में वाम मोर्चे के खिलाफ पार्टी की लड़ाई का प्रमुख चेहरा रहे हैं।

वेणु को सीएम बनाने पर बढ़ेंगी मुश्किलें !: इसके अलावा, यदि केसी वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री बनाया जाता है, तो उन्हें विधानसभा उपचुनाव लड़ना होगा। साथ ही उनकी लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव कराना पड़ेगा, जिससे हाल ही में लंबा चुनावी दौर पूरा कर चुकी कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। फिलहाल, कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती केरल में नेतृत्व संकट को जल्द सुलझाने की है। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री चेहरे पर अंतिम फैसला आने में अभी और समय लग सकता है।

जैकेट के शेष

बदला गांजा तस्करी का...

बाद अब तस्कर कपड़ा फेरीवाले बनकर कपड़े के ढेर के पीछे गांजा तस्करी करने नया पैंतरा अजमा रहे थे। पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत तस्करों के इस नए पैंतरे को भी फेल कर दिया।

पश्चिम एशिया संकट पर...

से जुड़े संभावित जोखिमों की समीक्षा की गई। सरकार ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि जरूरी सामानों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह करता हूं, क्योंकि सरकार सप्लाई चेन में किसी भी कमी या रुकावट को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। वैश्विक उथलपुथल और चुनौतियों का सामना करने में जनता की सामूहिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अपील आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि यह प्रधानमंत्री का कठिन वैश्विक दौर में ऊर्जा संरक्षण के प्रति बड़ा संदेश है।

कोलकाता ने बहाया पसीना...

नजर आए। आज फिर नेट्स पर पसीना बहाएंगी आरसीबी : रविवार की शानदार जीत के बाद एक दिन का आराम के बाद आरसीबी की टीम आज शाम 5 बजे फिर से अभ्यास करने मैदान में उतरेगी। जानकारी के अनुसार, शाम 5 बजे के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों टीमें शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम पहुंचेंगी और आगामी महामुकाबले के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगी। खिलाड़ियों के कड़े अभ्यास के लिए स्टेडियम में कुल 9 पिचें तैयार की गई हैं। ऐसे में दोनों टीमों के खिलाड़ी एक ही समय पर अलग-अलग पिचों पर अपनी सुविधानुसार प्रैक्टिस कर सकेंगे। टीम प्रबंधन और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए, इस अभ्यास सत्र के दौरान स्टेडियम में आम दर्शकों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

अंक तालिका में छलांग ...

चुनौती साबित हो सकती है। बता दें कि रविवार को हुए पिछले मुकाबले में रायपुर की पिच से बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बहुत ज्यादा एकतरफा मदद नहीं मिली थी और मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा था। रायपुर की इस पिच की प्रकृति को देखते हुए कोलकाता की टीम प्रबंधन अब नई रणनीति तैयार कर रही है, ताकि 13 मई के महामुकाबले में आरसीबी को मात दी जा सके।

चिकन और तरबूज खाने के ...

की रात में चिकन और शाम को तरबूज खाई थी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धुरकोट में मामा के घर पहुंचे धीवर परिवार के बच्चों और परिजनों ने रविवार की रात में चिकन खाया। इससे पहले शाम को चार बच्चों 15 वर्षीय अखिलेश धीवर, 13 वर्षीय हितेश धीवर, 17 वर्षीय पिंटू धीवर और 4 वर्षीय श्री धीवर ने एक साथ तरबूज खाई थी। रात का खाना खाने के कुछ घंटे बाद ही एक-एक कर सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों को पेट में तेज दर्द के साथ उल्टी होने लगी। अखिलेश धीवर की तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन पहले उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बाकी तीन बच्चों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हितेश धीवर, पिंटू धीवर और श्री धीवर का अस्पताल में उपचार जारी है। डॉक्टर लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं। **किया गया बिसरा प्रिजर्व:** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एस. कुजूर का कहना है कि अस्पताल पहुंचने से पहले एक बच्चे की मौत हो चुकी थी। बिसरा प्रिजर्व किया गया है, जिसकी जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने बताया कि बाकी तीन बच्चों की स्थिति अब सामान्य है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

यूपीआई लेन-देन से पुलिस...

सुरागों के आधार पर उन्हें पकड़ा। जांचकर्ताओं ने इस घटनाक्रम को एक बड़ी सफलता बताया। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को पश्चिम बंगाल लाकर उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम इलाके में छह मई की रात को हुई हत्या की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तीनों आरोपियों को रविवार को हिरासत में लिया और आज सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया, यह एक बड़ी सफलता है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक और शर्मनाक घटना

'रास्ता रोका और कपड़े फाड़े' नॉर्थ ईस्ट की दो महिलाओं के साथ फिर छेड़छाड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में एकबार फिर नॉर्थ-ईस्ट की महिलाओं के साथ छेड़छाड और मारपीट का मामला सामने आया है। ताजा मामला नेहरू प्लेस इलाके का है जहां 10 मई को सुबह करीब साढ़े 6 बजे ये घटना हुई। पुलिस का कहना है मामले में आरोपियों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह मामला 10 मई की सुबह करीब साढ़े 6 बजे होटल के बाहर एक चाय की दुकान के पास का है। पुलिस के अनुसार, कालकाजी पुलिस स्टेशन में सुबह करीब 7 बजे इस संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और वहां पर दो महिलाएं मिलीं।

महिलाओं ने घटना को लेकर क्या कहा? महिलाओं ने आरोप लगाया कि वे होटल के बाहर चाय पी रही थीं, तभी दो पुरुषों ने उन्हें देखकर फब्तियां कसनी शुरू कर दीं। जल्द ही, कथित तौर पर कुछ और पुरुष भी इसमें शामिल हो गए, जिससे बहस शुरू हो गई जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया। अधिकारी ने बताया, 'शिकायतकर्ता महिलाओं में से एक ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की गई और उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए।

अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज

अधिकारी ने बताया कि 'पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचते ही दोनों महिलाओं को मेडिकल जांच के लिए एम्स ले जाया गया। कालकाजी पुलिस स्टेशन में बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत 10 मई को मामला दर्ज किया गया है और तुरंत जांच शुरू कर दी गई है।' पीड़ित महिलाओं ने पुलिस को बताया कि अगर आरोपियों को उनके सामने लाया जाएगा तो वे उनकी पहचान कर लेंगी।

पुलिस ने अबतक क्या-क्या किया?

पुलिस ने आरोपियों की धर पकड़ के लिए आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और घटना के दौरान आस-पास मौजूद गवाहों और राहगीरों से भी पूछताछ की है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं और उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

नासिक टीसीएस केस

कोर्ट में पेश हुई निदा, डिजिटल जांच में मिले 171 इस्लामिक लिंक

एजेंसी ▶▶| नासिक

महाराष्ट्र के चर्चित नासिक टीसीएस केस में बड़ा अपडेट सामने आया है। आरोपी निदा खान की पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद उसे एक बार फिर नासिक रोड कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही. पुलिस और अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में जांच से जुड़े कई अहम खुलासे भी किए। जांच एजेंसियों ने कोर्ट को बताया कि डिजिटल फोरेंसिक एनालिसिस के दौरान कई अहम सबूत मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक, निदा खान ने कथित तौर पर पीड़िता को 171 लिंक भेजे थे। इन लिंक में इस्लामिक धार्मिक आयतें और इस्लाम धर्म को अपनाने से जुड़े संदेश मौजूद थे। जांच टीम अब इन सभी डिजिटल रिकॉर्ड्स को केस का महत्वपूर्ण हिस्सा मान रही है। अभियोजन पक्ष ने

कोर्ट में दावा किया कि आरोपी द्वारा भेजे गए लिंक और मैसेज लगातार पीड़िता पर प्रभाव डालने की कोशिश का हिस्सा थे। पुलिस का कहना है कि डिजिटल डेटा की जांच साइबर और फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से की गई है। इसी जांच के आधार पर कई इलेक्ट्रॉनिक सबूत जुटाए गए हैं, जिन्हें अदालत में पेश किया गया।

न्यायिक हिरासत में भेजा गया

निदा खान को कोर्ट में पेश किए जाने के दौरान मामले को लेकर काफी हलचल देखने को मिली। नासिक रोड कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों और वकीलों की मौजूदगी रही। कोर्ट में पेशी के समय आरोपी को सुरक्षा घेरे में लाया गया और सुनवाई पूरी होने तक अदालत परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी निदा खान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब आगे की जांच के लिए पुलिस डिजिटल सबूतों और अन्य आरोपियों के कनेक्शन की भी जांच कर रही है। यह मामला महाराष्ट्र में पहले से ही काफी चर्चा में है और अब डिजिटल फोरेंसिक रिपोर्ट सामने आने के बाद जांच और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

नेपाल में बड़ा हादसा टला

विमान के टायर में लगी आग 278 यात्री निकाले गए सुरक्षित

काठमांडू। नेपाल के काठमांडू स्थित त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टल गया। इस्तांबुल से आए टर्किश एयरलाइंस के विमान के टायर में लैंडिंग के दौरान आग लग गई। हालांकि फायर ब्रिगेड ने तुरंत आग पर काबू पा लिया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी एसपी राजकुमार सिलवाल ने बताया कि टर्किश एयरलाइंस की फ्लाइट टीके-726 इस्तांबुल से काठमांडू आ रही थी।

उन्होंने कहा कि लैंडिंग के दौरान विमान के टायर में आग लग गई। सिलवाल के मुताबिक एयरपोर्ट पर मौजूद फायर इंजन की मदद से आग को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। इसके बाद विमान में सवार सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों के मुताबिक विमान में कुल 278 यात्री और 11 क्रू मेंबर्स सवार थे। रिपोर्ट के अनुसार यात्रियों में कुछ संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी भी शामिल थे। फिलहाल इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LTD.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँक रोड राँची - 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

पेज एक के शेष

सरकारी आंकड़ा- छत्तीसगढ़...

प्रतिशत लोगों के पास रोजगार है या काम धंधा उपलब्ध है। यह बात आसानी से गले उतरने वाली लगती नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम बनी हुई है, लेकिन क्या ये आंकड़े पूरी कहानी बयां करते हैं? ताजा आंकड़ों (जनवरी - दिसंबर 2025) के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कुल बेरोजगारी दर (यूआर) 2.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। ग्रामीण बनाम शहरी- छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में यह दर मात्र 1.8 प्रतिशत है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह बढ़कर 5.7 प्रतिशत हो जाती है। पुरुषों में बेरोजगारी दर 2.4 प्रतिशत है, जबकि महिलाओं में यह और भी कम 2.2 प्रतिशत दर्ज की गई है।

ट्रंप ने ठुकराया ईरान का...

देने से इंकार कर दिया। इसी बीच, रिपब्लिकन पार्टी से सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ट्रंप को अब सैन्य कार्रवाई करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं राष्ट्रपति ट्रंप के ईमानदार प्रयासों की सराहना करता हूं, जो ईरानी आतंकवादी शासन के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए कूटनीतिक समाधान तलाश रहे हैं।' ग्राहम ने कहा, हालांकि, अंतरराष्ट्रीय नौवहन पर उनके लगातार हमलों, हमारे सहयोगियों पर निरंतर हमलों और अब अमेरिका के कूटनीतिक प्रस्ताव पर पूरी तरह अस्वीकार्य प्रतिक्रिया को देखते हुए, मेरी राय में अब दिशा बदलने पर विचार करने का समय आ गया है।

ट्रंप ने 'एक्सियोस' से कहा कि उन्होंने रविवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की तथा इस बीच ईरान से प्राप्त जवाबों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, 'बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं। लेकिन ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान वार्ता 'अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।' अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान से युद्ध शुरू किया था तथा आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति के बाद हमले रोक दिए गए। अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी को खत्म करने के लिए एक समझौते पर बातचीत की जा रही है, लेकिन अब तक शांति संभव नहीं हो पाई है।

लेबनान में इजराइली हमले तेज : दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमलों में 39 लोगों की मौत हुई। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2 मार्च से अब तक 103 मेडिकल कर्मी मारे जा चुके हैं। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि इजराइल गाजा जैसी रणनीति अपना रहा है।

जंग का असर खाड़ी देशों तक पहुंचा : यूएई और कुवैत में ड्रोन अलर्ट जारी हुआ। क्षेत्र में सुरक्षा चिंता लगातार बढ़ रही है।

हिमंता असम के सीएम...

अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है। प्रदेश भाजपा के मीडिया संयोजक ध्रुवज्योति मारल ने बताया कि सभी 126 निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जा रहा है और इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम स्थल पर तीन मंच होंगे।

एनडीए की हैट्रिक : भाजपा नीत गठबंधन के 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में पहली बार सत्ता में आने के बाद से यह राज्य में राजग का लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राजग में भाजपा, असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) शामिल हैं। गठबंधन ने 126 सदस्यीय विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीट पर जीत दर्ज की। भाजपा ने अकेले 82 सीट जीतकर राज्य में पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल किया, जबकि अगप और बीपीएफ को 10-10 सीट मिलीं।

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामला

5 लाख से लेकर 30 हजार रु. तक में बिका पेपर, अब तक 14 गिरफ्तारियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 को लेकर राजस्थान में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। परीक्षा में कथित गड़बड़ी, गेस पेपर और संभावित पेपर लीक की आशंका के बीच राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) लगातार जांच में जुटी हैं। मामले में अब तक 14 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जबकि कई लोगों से पूछताछ जारी है। जांच के केंद्र में राजस्थान का सीकर जिला है, जहां परीक्षा से पहले छात्रों के बीच एक कथित 'गेस पेपर' वायरल हुआ था।



दावा- केरल से आया था सैंपल पेपर

दावा किया गया है कि राजस्थान एसओजी की जांच में खुलासा हुआ है कि केरल से एक सैंपल पेपर सीकर आया था, जिसमें करीब 150 प्रश्न वही थे जो परीक्षा में पूछे गए। 1 मई को राकेश मंडारिया नाम के काउंसलर के पास केरल से यह लीक पेपर पहुंचा था। में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे एक चुरू के लड़के ने गेस पेपर भेजा। शुरुआत में यह गेस पेपर कथित तौर पर 2 से 5 लाख रुपये में कुछ छात्रों तक पहुंचाया गया था। बाद में यही सामग्री 30 हजार रुपये तक में बेचे जाने की बात सामने आई।

एनटीए का पेपर लीक से इनकार

हालांकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पेपर लीक से इनकार किया है। एनटीए के मुताबिक, प्रश्नपत्र जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए गए थे। प्रश्नपत्रों पर यूनिक वॉटरमार्क लगाए गए थे। परीक्षा केंद्रों की निगरानी एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से की। गई और उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक सत्यापन भी कराया गया। केंद्रों पर 5जी जैमर भी सक्रिय थे। हालांकि, एजेंसी ने यह भी स्वीकार किया कि 7 मई को उसे अनियमितताओं से जुड़े इनपुट मिले थे, जिन्हें जांच के लिए संबंधित एजेंसियों को भेजा गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम धर्मप्रकाश साहू पिता भूषण सिंह साहू ग्राम खरेंगा है। यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 334034437867 में अंग्रेजी में मेरा नाम Dharmaprakash Sahu है। अंग्रेजी नाम में ए (a) हटाकर Dharmprakash Sahu लिखना है, यही सही है। मेरे समस्त दस्तावेजों में Dharmprakash Sahu के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

स्थान : धमतरी
दिनांक : 11/05/2026

आवेदक
धर्मप्रकाश साहू
(Dharmprakash Sahu)
वार्ड नं. 7 ग्राम खरेंगा
तह. व जिला धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 10
आम सूचना
जारी दिनांक 05/05/2026

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक गोलछा पिता स्व. मनोहर लाल गोलछा निवासी नवापारा राजिम छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नं. 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल- 10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 261 रकबा 0.2020 हे. का सीमांकन न्यायालय नायाब/अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 22/04/2026 के परिपालन में दिनांक 13/05/2026 को समय 12 बजे के पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नं. 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक रायपुर - 10

शब्द पहेली - 6223



बाएँ से दाएँ
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

ऊपर से नीचे
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली- 6222 का हल

सूडोकु नवताल- 6233

★☆☆☆☆ सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6232 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

जशपुर में युवक को रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। दो परिवारों के आपसी विवाद के बीच एक युवक को रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घटना बागबहार थाना क्षेत्र के झारपारा गांव की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मानसिक रूप से विक्षिप्त बताए जा रहे युवक को कुछ लोगों ने रस्सी से बांध दिया और फिर लात-घूंसों व लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई की। वायरल वीडियो में युवक पर लगातार हमला करते हुए देखा जा सकता है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने नजर आ रहे हैं।

कड़ी कार्रवाई की मांग

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बागबहार थाना पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

जमीन के नीचे नक्सलियों का बंकर, मिला हथियारों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ बीजापुर

जिले के डोडीतुमनार पटेलपारा से लगी पहाड़ी से सुरक्षाबलों ने सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के बनाए गए बंकर में छुपाकर डंप किया गया बड़ी मात्रा में जनरेटर, लेथ मशीन, ड्रिल मशीन, बीजीएल सेल व अन्य सामान बरामद किया है।

■ बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र की पहाड़ी में बनाया था

खुफिया सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र पीडिया एवं थाना गंगालूर की संयुक्त टीम द्वारा सर्चिंग अभियान चलाया गया। सर्चिंग के दौरान जंगल में जमीन के अंदर पूर्व में माओवादियों के द्वारा छिपाकर बनाया गया एक बंकर मिला। जिसकी सुरक्षा जांच डिमाइनिंग कार्रवाई उपरांत वहां से बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामग्री बरामद की गई।

ये सामाग्रियां मिलीं

एएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरामद सामग्री में होंडा कंपनी के जनरेटर, लेथ मशीन, इन्वर्टर, बैटरी, सोलर प्लेट, मोटर, वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन, देशी बीजीएल लांचर, बीजीएल सेल, कॉर्डेक्स वायर, प्लास्टिक ड्रम व अन्य सामान शामिल है। पुलिस के मुताबिक नक्सली इन सामग्रियों का उपयोग विस्फोटक तैयार करने एवं तकनीकी कार्यों के लिए करते थे।

पिकअप में यात्रा, गिरने से युवती की गई जान

फरसगांव। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आलोर दामाड़ीही में बीती रात बोलेरो पिकअप वाहन से गिरकर एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रियंका यादव अन्य महिलाओं के साथ बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 पी 3868 में सवार होकर ग्राम बनचपई आमापारा में आयोजित छट्टी कार्यक्रम में खाना बनाने गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी महिलाएं रात में वापस फरसगांव लौट रही थीं। इसी दौरान आलोर दामाड़ीही के पास वाहन चालक लक्ष्मण मरकाम द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण पीछे बैठी प्रियंका यादव अचानक वाहन से नीचे गिर गई। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। साथ मौजूद लोगों ने तत्काल वाहन रोककर घायल युवती को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शुरू की विवेचना

घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी चालक लक्ष्मण मरकाम के खिलाफ अपराध क्रमांक 59/2026 के तहत धारा 281, 125(ए) एवं 106(1) बीएनएस में मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/भट/उ.क्षे./जग./रोजगार/भू.रा./2026/197 दिनांक 21.04.2026

सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भू-अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम ग्राम जगन्नाथपुर एवं चउरा की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वंय/माता पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजो जैसे- बी 1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति, निवास में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्सम्बंध में भूस्वामी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है :-

ग्राम-जगन्नाथपुर

क्र.	9 (1) के समय भू-स्वामी का नाम एवं प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार सही नाम	भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम	खसरा न.	रकबा (हे.)	उम्मीदवार का वास्तविक नाम प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार	रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजो में नाम
01	9 (1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम - चुन्नीलाल, समयलाल, रामधारी, जरकू, शिवनारायण आ. परदेशी, परशुराम, झगरू, बजरू, बालसाय, लालसाय आ. साधन, दशनी बेवा साधन, किशुन, बिशुन, छोटेलाल आ. सुखू, जिरमेन बेवा सुखू, जगन, लड़धून आ. सुकरा, कमलसाय, हजारी राम, नानसाय पि. भउठा	1.- 9 (1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - चुन्नीलाल आ. परदेशी आधार कार्ड में नाम - चुन्नी लाल आ. परदेशी वोटर कार्ड में नाम- चुन्नी लाल आ. परदेशी बैंक पास बुक में नाम- CHUNNILAL ऋण पुस्तिका में नाम - चुन्नीलाल - परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - चुन्नीलाल आ. परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - चुन्नीलाल आ. परदेसी	1311/1 1331/1 1344/1 1392/1 1401/1 1404 1665/1 कुल 07	0.670 0.810 1.530 0.120 0.420 0.350 0.250 4.150 हे./ 10.25 एकड़	1. महेन्द्र गिध्द आ. छोटेलाल	नामांकन मे नाम - महेन्द्र गिध्द आ. छोटेलाल वंश वृक्ष में नाम - महेन्द्र आ. छोटेलाल आधार कार्ड मे नाम - महेन्द्र गिध्द आ. छोटेलाल (Mahendra Gidh S/o Chhotelal) वोटर कार्ड में नाम - महेन्द गिध्द आ. छोटेलाल गिध्द (MAHREND GIDHA S/O CHHOTELAL GIDHD) जाति प्रमाण पत्र मे नाम - महेन्द्र कुमार पिता छोटे लाल निवास प्रनाण पत्र में नाम - महेन्द्र कुमार पिता छोटे लाल राशन कार्ड में नाम - महेन्द्र रोजगार पंजीयन - MAHENDRA GIDH S/O CHHOTELAL 10 वीं का अंकसूची-MAHENDRA GIDH S/O CHHOTELAL
		2.- 9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - समयलाल आ. परदेशी आधार कार्ड में नाम - समयलाल गिद आ. परदेशी वोटर कार्ड में नाम- समय लाल गिद्ध आ. परदेशी बैंक पास बुक में नाम- SAMAYLAL GIDHD ऋण पुस्तिका में नाम - समय लाल - परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - समयलाल -परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - समयलाल पि. परदेसी			2. आशीष गिध्द आ.लखन राम	नामांकन मे नाम - आशिष गिध्द आ.लखन राम वंश वृक्ष में नाम - आशिष आ. दिलखन आधार कार्ड मे नाम - आशीष गिध्द आ.लखन राम (Aashish Gidh S/o Lakhan Ram) वोटर कार्ड में नाम - आशीष गिध्द आ.लखन राम (Aashish Gidh S/o Lakhan Ram) जाति प्रमाण पत्र मे नाम - आशीष गिध्द पिता लखन राम निवास प्रनाण पत्र में नाम - आशीष गिध्द पिता लखन राम राशन कार्ड में नाम - आशीष आ.लखन राम 8वीं का अंकसूची - आशीष गिध्द पिता लखन राम रोजगार पंजीयन - AASHISH GIDH S/o LAKHAN RAM
		3. रामधारी आ. परदेशी के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - रामधारी आ. परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - रामधारी आ. परदेसी वंशवृक्ष मे नाम - रामधारी आ. परदेशी			3.अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द	नामांकन मे नाम - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द वंश वृक्ष में नाम - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर आधार कार्ड मे नाम - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द (Avinash Giddh S/o Maheshwar Giddh) वोटर कार्ड में नाम - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द (AVINASH GIDDH S/O MAHESHWAR GIDDH) जाति प्रमाण पत्र मे नाम - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द निवास प्रनाण पत्र में नाम - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द राशन कार्ड में नाम - अवीनाश आ. महेशवर 8वीं का अंकसूची - अविनाश गिध्द आ. महेश्वर गिध्द 10वीं का अंकसूची - AVINASH GIDDH S/O MAHESHWAR GIDDH रोजगार पंजीयन - AVINASH GIDDH S/O MAHESHWAR GIDDH
		4. जरकू आ. परदेशी के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - जरकू पिता परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - जखू पिता परदेसी वंशवृक्ष मे नाम - जरकु आ. परदेशी			4. फागुलाल आ. समय लाल	नामांकन मे नाम - फागुलाल आ. समय लाल वंश वृक्ष में नाम - फागुलाल आ. समयलाल आधार कार्ड मे नाम - फागुलाल पिता समय लाल (Fagulal S/o Samay Lal) वोटर कार्ड में नाम - फागुलाल पिता समय लाल (Fagulal S/o Samay Lal) जाति प्रमाण पत्र मे नाम - फागुलाल पिता समय लाल निवास प्रनाण पत्र में नाम - फागुलाल पिता समयलाल 8 वी का अंकसूची - फागुलाल पिता समय लाल 10 वीं का अंकसूची - FAGULAL S/O SAMAY LAL रोजगार पंजीयन - FAGULAL S/O SAMAY LAL
		5.- 9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - शिवनारायण आ. परदेशी आधार कार्ड में नाम - शिवनारायण आ. परदेशी वोटर कार्ड में नाम- शिवनारायण गिध्द आ. परदेशी गिध्द बैंक पास बुक में नाम- SHIVENARAYAN ऋण पुस्तिका में नाम - शिवनारायण - परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - शिवनारायन पि. परदेशी राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - शिवलाल पि. परदेसी			5.सिमोन गिध्द आ. बालसाय	नामांकन मे नाम - सिमोन गिध्द आ. बालसाय वंश वृक्ष में नाम - सिमोन गिध्द आ. बालसाय आधार कार्ड मे नाम - सिमोन गिध्द पिता बलसाय (Simon Gidh S/o Balsay) वोटर कार्ड में नाम - सिमोन गिध्द पिता बलसाय गिध्द (SIMON GIDH S/O BALSAI GIDH) जाति प्रमाण पत्र मे नाम - सिमोन गिध्द पिता बालसाय निवास प्रनाण पत्र में नाम - सिमोन गिध्द पिता बालसाय राशन कार्ड में नाम - सिमोन पिता बालसाय रोजगार पंजीयन - SIMON GIDH S/O BAAL SAY
		6. परशुराम आ. साधन के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - परसूराम पिता साधन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - पटसु वंशवृक्ष मे नाम - परशु आ. साधन				
		7. झगरू आ. साधन के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - झगरू पिता साधन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - झगरू वंशवृक्ष मे नाम - झगरू आ. साधन				
		8. बजरू आ. साधन के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - बजरू पिता साधन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - बजरू वंशवृक्ष मे नाम - बजरू आ. साधन				
		9.- 9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - बालसाय आ. साधन आधार कार्ड में नाम - बलसाय आ. साधन वोटर कार्ड में नाम- बाल साय गिध्द आ. साधन गिध्द बैंक पास बुक में नाम- BALSAY ऋण पुस्तिका में नाम -वाल साय राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - बालसाय आ. साधन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - बालसाय आ. साधन				
		10. लालसाय आ. साधन के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम- लालसाय पिता साधन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - लालसाय वंशवृक्ष मे नाम - लालसाय आ. साधन				
		11. दशनी बेवा साधन के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - दशनी बेवा साधन राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - दशकी बेवा साधन वंशवृक्ष मे नाम - दसनी पति साधन				
		12.-9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - किसुन आ. सुखू आधार कार्ड में नाम - किशुन आ. सुखू वोटर कार्ड में नाम- किसुन राम आ. सुलु बैंक पास बुक में नाम- KISHUN ऋण पुस्तिका में नाम - किशुन - सूखू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - किशुन आ. सुरकू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - किशुन आ. सूखु				
		13.-9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - विसुन आ. सुखू आधार कार्ड में नाम - बिसुन राम आ. सुखु वोटर कार्ड में नाम- बिसुन राम गिद्ध आ. सुखु गिद्ध बैंक पास बुक में नाम- BISUN RAM ऋण पुस्तिका में नाम - विशुन - सूखू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - बिशुन आ. सुरकू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - विशुन आ. सूखु				
		14.-9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - छोटेलाल आ. सुखू आधार कार्ड में नाम - छोटे लाल आ. सुखू वोटर कार्ड में नाम- छोटे लाल आ. सुखु बैंक पास बुक में नाम- CHOTELAL ऋण पुस्तिका में नाम - छोटेलाल- सूखू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-2008 में नाम - छोटेलाल आ. सुरकू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - छोटेलाल आ. सूखु				
		15. जिरमेन बेवा सुखू के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - जिरमेन बेवा सुरकू राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - जिरमन बेवा सुखु वंशवृक्ष मे नाम - जिरमन पति सुखू				
		16. जगन आ. सुकरा के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - जगरू पिता सुखना राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - जगन पिता सुखना वंशवृक्ष मे नाम - जगन पिता सुकरा				
		17. लड़धून आ. सुकरा के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2007-08 से 2010-2011 में नाम - लहसून -सुखना राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - लडधुन -सुखना वंशवृक्ष मे नाम - लडधुन				
		18. कमलसाय आ. भउठा के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- नामांतरण पंजी में नाम- कलमसाय आ. भउठा राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - कलमसाय आ. भउठा वंशवृक्ष मे नाम - कमलसाय आ. भऊठा				
		19.-9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम विभिन्न दस्तावेज मे निम्न है :- वंशवृक्ष मे नाम - हजारी आ. भऊठा आधार कार्ड में नाम - हजारी आ. सुरजन गिद वोटर कार्ड में नाम- हजारी गिद आ. भउठा गिद बैंक पास बुक में नाम- HAJARI ऋण पुस्तिका में नाम - हजारी राम आ. भउठा राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - हजारी राम आ. भउठा				
		20. नानसाय पि. भउठा के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज मे नाम निम्न है :- नामांतरण पंजी में नाम- नानसाय आ. भउठा राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - नानसाय पि. भउठा वंशवृक्ष मे नाम - नानसाय पि. भऊठा				
	1. रामधारी के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम - मंजीत आ. स्व.	1. वंशवृक्ष मे नाम - मंजीत आ. स्व. रामधारी आधार कार्ड में नाम - मनजीत आ. स्व. रामधारी (Manjeet S/o Ramdhari)				

जलसंकट को लेकर आक्रोश

महिलाओं ने खाली बर्तन लेकर नेशनल हाईवे पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/पाण्डुका

भीषण गर्मी के इस मौसम में जब पारा आसमान छू रहा है, तब गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत पोंड (डोंगरी पारा) में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। सालों से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान न होने से नाराज ग्रामीणों के सब्र का बांध आखिरकार सोमवार को टूट गया। प्रशासन की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर डोंगरी पारा की सैकड़ों महिलाओं ने देवभोग नेशनल हाईवे पर खाली बर्तन, बाल्टी और गुंडी रखकर करीब एक घंटे तक चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारी महिलाओं ने बताया कि गांव में पानी की समस्या नई नहीं है, बल्कि हर साल गर्मी आते ही स्थिति बदतर हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत पोंड और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इस समस्या को सुलझाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि डोंगरी पारा क्षेत्र में अब तक दर्जनों बोर की खुदाई की गई, लेकिन एक भी बोर सफल नहीं हुआ। वहीं, लाखों रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण तो किया गया है, लेकिन स्रोत के अभाव में वह आज भी सूखी पड़ी है। विभाग की इस अदूरदर्शिता का खामियाजा आज गांव की महिलाओं को तपती धूप में सड़क पर उतरकर भुगतना पड़ रहा है।

■ कुकदा डैम से पाइपलाइन की मांग

तीन नए बोर खनन का आश्वासन

जाम की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सीईओ और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनकारी महिलाओं की शिकायतों को सुना और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ग्राम पंचायत में तीन नए बोर खनन कराने की लिखित/मौखिक अनुमति प्रदान की। अधिकारियों के इस ठोस आश्वासन के बाद महिलाओं ने चक्काजाम समाप्त किया। हालांकि, महिलाओं ने साफ चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी समाधान नहीं हुआ, तो भविष्य में उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

चुनाव ड्यूटी से लौटे सीएएफ जवान ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

असम व पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी से वापस अपने किराये के मकान में लौटे सीएएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार जागेश्वर प्रसाद ठाकुर पिता संतराम उम्र 37 वर्ष ग्राम भटगांव थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी छग शासन बल की 10वीं बटालियन में पदस्थ था। जवान बीते 7-8 वर्ष से अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ महिमासागर वार्ड स्थित सपना पिंक सिटी कालोनी में किराए के मकान में रह रहा था। उसका ससुराल ग्राम कानीडबरी है। इन दिनों जवान सीएफ रायपुर में पदस्थ था। बीते मार्च माह में सीएएफ के जवानों को असम व पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी में भेजा गया था जिसमें जागेश्वर भी शामिल था। चुनाव होने के बाद फोर्स की वापसी हुई, जो 2 मई की शाम 4 बजे रायपुर पहुंची थी जिसके बाद सभी जवानों को पांच दिन का रेस्ट दिया गया। जागेश्वर भी छुट्टी में 5 मई को धमतरी आ गया। जवान अपने मूलगांव भटगांव चला गया। वहां जागेश्वर शराब सेवन कर लड़ाई झगड़ा कर रहा था जिसकी जानकारी छोटे भाई ललित ठाकुर ने जागेश्वर की पत्नी को फोन पर दी।

उसके बाद जागेश्वर धमतरी अपने किराये के मकान में आ गया। परिजनों ने बताया कि जागेश्वर शराब पीने का आदी था। बताया गया कि रविवार को जागेश्वर का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया जिसके कारण पत्नी तीनों बच्चों को लेकर अपने रिश्तेदार के घर चली गई। इसी बीच उसकी पत्नी ने मंझले देवर त्रिभुवन ठाकुर को फोन कर कहा कि उसका पति विवाद करने लगा है। आकर समझाने के लिए कहा। पत्नी के जाने के बाद रविवार की शाम जवान ने सपना पिंक सिटी के किराए के मकान में गमछा का फंदा बना सिलिंग पर लगे पंखे के हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिया क्षतिग्रस्त : बाइक सहित गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

सरकार की उदासीनता से जा रही लोगों की जान, जिन क्षेत्र से खनिज न्यास मद की प्राप्ति हो रही वो क्षेत्र आज भी पुल-पुलिया जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए अछूता है। जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में खड़गांव के माइनिंग क्षेत्र जक्के में वर्षों से जर्जर पड़ी पुलिया एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। रविवार शाम खरदी बाजार से वापस लौट रहे कोहका निवासी बृजलाल बोगा की क्षतिग्रस्त पुलिया में बाइक सहित नीचे गिरने से मौत हो गई। घटना लगभग शाम 7 बजे की है। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि बृजलाल बोगा रविवार रात बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पदभर्री-जक्के के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया पार करते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बाइक भी पुलिया के नीचे क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। मृतक रातभर से पुलिया के नीचे रहा। सुबह ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना खड़गांव थाना में दी गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया लंबे समय से टूटी और खतरनाक स्थिति में है। हर वर्ष यहां दुर्घटनाएं होती रहती है और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके अब तक पुलिया निर्माण या मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया। उच्च अधिकारियों और नेताओं ने मौके का निरीक्षण भी किया, लेकिन आज तक पुलिया निर्माण नहीं हो पाया है।

	रामधारी	वोटर कार्ड में नाम- मनजीत गिहावा आ. स्व. रामधारी गिहावा (MANJITA GIHAVA S/O RAMDHARI GIHAVA) बैंक पास बुक में नाम- **MANJEET**				
	2. रामधारी के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -रंजीत आ. स्व. रामधारी	2. वंशवृक्ष मे नाम - रंजीत आ. स्व. रामधारी आधार कार्ड में नाम - रंजीत आ. स्व. रामधारी (Ranjeet S/o Ramdhari) वोटर कार्ड में नाम- रंजीत आ. स्व. रामधारी (Ranjit S/o Ramdhari) बैंक पास बुक में नाम- **RANJEET**				
	3. जरकू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -सोनामनी बेवा स्व. जरकू	3. वंशवृक्ष मे नाम - सोनामनी बेवा स्व. जरकू आधार कार्ड में नाम - सोनामनी बेवा स्व. जिरकू (Sonamnee W/o Jiraku) वोटर कार्ड में नाम- सोनामनीबाई बेवा स्व. जेरकु (Sonamanibai W/o Jeraku) बैंक पास बुक में नाम- **SONAMNEE**				
	4. जरकू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -विकास आ. स्व. जरकू	4. वंशवृक्ष मे नाम - विकास स्व. जरकू आधार कार्ड में नाम - विकास आ. स्व. जिरकू (Vikash W/o Jirkau) वोटर कार्ड में नाम- विकास आ. स्व. जरकू (Vikash W/o Jaraku) बैंक पास बुक में नाम- **VIKASH**				
	5. परसूराम के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -विजय कुमार आ. स्व. परसूराम	5. वंशवृक्ष मे नाम - विजय आ. परशु आधार कार्ड में नाम - विजय कुमार (Vijay Kumar) वोटर कार्ड में नाम- विजयकुमार आ. स्व. परसुराम (VIJAYKUMAR S/O PARSURAM) बैंक पास बुक में नाम- **VIJAY KUMAR**				
	6. परसूराम के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -आशीष कुमार आ. स्व. परसूराम	6. वंशवृक्ष मे नाम -आशिष कुमार आ. परशु आधार कार्ड में नाम - आशीष कुमार आ. स्व. परशुराम (Aashish Kumar S/o Parshuram) वोटर कार्ड में नाम- आशीष कुमार उरांव (Aashishkumar Uranv S/o Parshu Uranv) बैंक पास बुक में नाम- **AASHISH KUMAR**				
	7. झगरू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -कामेश्वर आ. स्व. झगरू	7. वंशवृक्ष मे नाम -कामेश्वर आ. झगरू आधार कार्ड में नाम - कामेश्वर आ. स्व. झगरू (Kameshwar S/o Jhagru) वोटर कार्ड में नाम- कामेश्वर गिध्द आ. स्व. झबलु गिध्द (Kameshvar Gidhd S/o Jhabalu Gidhd) बैंक पास बुक में नाम- **KAMESHWAR**				
	8. झगरू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -महेश्वर आ. स्व. झगरू	8. वंशवृक्ष मे नाम -महेश्वर आधार कार्ड में नाम - महेश्वर पिता झगरू राम (Maheshwar S/o Jhagaru Ram) वोटर कार्ड में नाम- महेशवर गिध्द (Maheshwar Giddh) बैंक पास बुक में नाम- **MAHESHWAR**				
	9. झगरू एवं उसके पुत्र दशरथ के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -सेनामनी बेवा स्व. दशरथ	9. वंशवृक्ष मे नाम -सोनामनी आ. स्व. दशरथ आधार कार्ड में नाम - सोनमनी बेवा स्व. दशरथ (Sonamani W/o Dashrath) वोटर कार्ड में नाम- सोना मनी बेवा स्व. दशरथ राम (Sona Mani W/o Dashrath Ram) बैंक पास बुक में नाम- **SONAMANI**				
	10. झगरू एवं उसके पुत्र दशरथ के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -चैनसाय आ. स्व. दशरथ	10. वंशवृक्ष मे नाम -चैनसाय आ. स्व. दशरथ आधार कार्ड में नाम - चैनसाय आ. स्व. दशरथ (Chain Say S/o Dashrath) वोटर कार्ड में नाम- चैनसाय गिद स्व. दशरथ गिद गिद (CHAINSAYA GID S/O DASHARATH GID GID) बैंक पास बुक में नाम- **CHAINSAY**				
	11. झगरू एवं उसके पुत्र दशरथ के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -संतलाल आ. स्व. दशरथ	11. वंशवृक्ष मे नाम -संतलाल आ. स्व. दशरथ आधार कार्ड में नाम - संतलाल (Santlal) वोटर कार्ड में नाम- संतलाल गिध्द स्व. दशरथ गिध्द (SANTLAL GIDHD S/O DASHARATH GIDHD) बैंक पास बुक में नाम- **SANTLAL**				
	12. झगरू एवं उसके पुत्र दशरथ के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -पिताम्बर आ. स्व. दशरथ	12. वंशवृक्ष मे नाम -पिताम्बर आ. स्व. दशरथ आधार कार्ड में नाम - पिताम्बर गिध्द आ. स्व. दशरथ राम (Pitamber Gidh S/o Dasrath Ram) वोटर कार्ड में नाम- पिताम्बर गिध्द स्व. दशरथ राम गिध्द (PITAMBER GIDH S/O DASHRATH RAM) बैंक पास बुक में नाम- **PITAMBERGIDH**				
	13. झगरू एवं उसके पुत्र दशरथ के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -सुखियारो आ. स्व. दशरथ	13. वंशवृक्ष मे नाम -सुखियारो आ. स्व. दशरथ आधार कार्ड में नाम - सुखियारो पति अमित लकड़ा (Sukhiyaro W/o Amit Lakra) वोटर कार्ड में नाम- सुखियारो लकड़ा पति अमित लकड़ा (SUKHIYARO LAKDA W/O AMIT LAKDA) बैंक पास बुक में नाम- **SUKHIYARO**				
	14. बजरू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -बिराजो बेवा स्व. बजरू	14. वंशवृक्ष मे नाम -बिराजो आ. स्व. बजरू आधार कार्ड में नाम - बिराजो बेवा स्व. बजरू (Birajo W/o Bajaru) वोटर कार्ड में नाम- बिराजो मिंज बेवा स्व. बजरू मिंज (Birajo Minj W/o Bajru Minj) बैंक पास बुक में नाम- **BIRAJO**				
1	27/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190285 (प्रथम आमंत्रण)	जिला - बीजापुर, उपसंभाग- मद्देढ़ के अन्तर्गत डोडीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 4/6 पर (6 नग 1200 मी.मी. एच.पी.सी. लम्बाई 10.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य ।	32.66
2	28/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190286 (प्रथम आमंत्रण)	जिला- बीजापुर, उपसंभाग- मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 7/2 पर (9 नग 1200 मी.मी. एच.पी.सी. लम्बाई 15.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य ।	44.78
3	29/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190287 (प्रथम आमंत्रण)	जिला - बीजापुर, उपसंभाग- मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 9/4 पर (11 नग 1200 मी.मी. एच. पी. सी. लम्बाई 20.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य ।	55.91
4	30/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190288 (प्रथम आमंत्रण)	जिला - बीजापुर, उपसंभाग- मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 10 / 6 पर (11 नग 1200 मी.मी. एच. पी. सी. लम्बाई 20.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य ।	55.91
5	31/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190289 (प्रथम आमंत्रण)	जिला - बीजापुर, उपसंभाग- मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 11/8 पर (14 नग 1200 मी.मी. एच. पी. सी. लम्बाई 25.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य ।	66.30
6	32/2026-27 दिनांक 06/05/ 2026	190290 (प्रथम आमंत्रण)	जिला- बीजापुर, उपसंभाग- मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 5/8 पर (17 + 17 नग 1200 मी.मी. एच.पी.सी. लम्बाई 60.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य ।	159.52
7	33/2026-27 दिनांक 06/05/ 2026	190291 (प्रथम आमंत्रण)	जिला - बीजापुर, ब्लाक- उसूर के अन्तर्गत चिलकापल्ली से पोलमपल्ली मार्ग पर रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य (पार्ट -1 एवं पार्ट-2)	131.82

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-262700631/3

यूपीएल के मुनाफे में 20 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। कृषि रसायन और फसल सुरक्षा क्षेत्र की कंपनी यूपीएल का मजबूत बिक्री के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 1,294 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,079 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। गुजरात की इस कंपनी की कुल आय मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 18,335 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले 15,573 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का खर्च भी 14,001 करोड़ रुपये से बढ़कर 16,528 करोड़ रुपये हो गया।

ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपए टूटा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। अमेरिका द्वारा ईरान की प्रतिक्रिया ठुकराने के बाद पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। देश की विदेशी मुद्रा को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील से भी सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल के लिए गैर-ज़रूरी सोने की खरीदारी टालने का आग्रह किया था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में पांच फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक वृद्धि से जुड़ी चिंताओं के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अप्रैल माह के दौरान 38,440 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो मार्च के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कम है। उद्योग निकाय एम्फी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किया जाने वाला मासिक योगदान भी घटकर 31,115 करोड़ रुपये रह गया, जबकि मार्च में यह 32,087 करोड़ रुपये था।

म्यूचुअल फंड उद्योग में समग्र रूप से अप्रैल के दौरान 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जबकि मार्च में 2.4 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। अप्रैल में यह बढ़त मुख्य रूप से ऋण-आधारित डेट फंड्स में 2.5 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आई।

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA PUBLIC WORK DEPARTMENT

INVITATION FOR TENDERS
Website http://mahatenders.gov.in Email.jawhar.ee@mahapwd.gov.in
E-TENDER NOTICE No.04 For 2026-27

Online Tenders (e-tender) in "B-1" form for the following works is invited by the Executive Engineer, P.W. Division, Jawhar, on Government of Maharashtra Electronic Tender Management System from the Registered Contractors in appropriate class of Public Works Department of Maharashtra State.

This tender notice contains 01 (One) Works and their details can also be viewed on www.mahapwd.com and also downloaded from Government of Maharashtra e-tendering Portal http://mahatenders.gov.in and sub portal.

Sr. No.	Name of Work	Work Portion (Rs. Lakhs)	Earnest money (Rs)	Class of Contractor	Tender form Fee (nonrefundable)	Time limit in (Calendar Months)	Head
1	Construction of Compound Wall and Entrance Gate Kaman to Government Tribal Ashram School at Murbad Taluka Dahanu District Palghar.	1,14,01,646.00	1,15,000.00	Class IV & Above	Rs.1000/- +18% GST Rs. 180/- Total Rs.1180/-	06 (Six) Months (Including monsoon)	8443 Goun Khanij 84435109-01

Period of E-Tenders - **Date-12/05/2026 to Date-19/05/2026**
Date of Opening - **Date-20/05/2026 after 11.00 hrs. (If possible)**

Note :-

The Executive Engineer P. W. Division Jawhar Reserves right to Accept or Reject any offer. Conditional offers will not be accepted.

1 All eligible/ interested e-tenders are required to be enrolled on portal enrolled on ports http://mahatenders.gov.in before down loading tender documents and participate in e-tendering.

2 The Electronic tendering system for Public Works Department of Government of Maharashtra will be available on separate Sub Portal With URL http://mahatenders.gov.in as part of the Electronic Tendering system of Government of Maharashtra which is available on the Portal

OW.No./PWD/JWR/TC/1789/2026
Office of the Executive Engineer
Public Work Division, Jawhar
Dist. Palghar. Pin-401603
Date:-04/05/2026

Executive Engineer
P. W. Division, Jawhar
Dist-Palghar

आरओसी-2026-27/क्र.-5/C-715

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल,चाईबासा

अल्पकालीन ई०-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-
WRD/MID/CHAIBASA/ SBD-01/2026-27(DMFT)(2nd Call)

1. कार्य का नाम :-

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	जिला	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	कारिरा पंचायत के बोंगरिदरी डोबरोबासा सरकारी तालाब से सेरेंगबिल सरकारी तालाब तक लघु सिंचाई नाली का निर्माण।	पश्चिमी सिंहभूम।	तांतनगर	328.608	10,000.00	328700.00	11 माह

नोट :– केवल ई०–निविदा(Online Mode) ही स्वीकार होगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट WWW.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
3. बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 26.05.2026 के 11:00 बजे पूर्वाहन् से।
4. ई०–निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.06.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. ई०–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.06.2026 को 05:00 बजे अपराहन ।
6. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप (Online) प्राप्त की जायेगी।
7. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम, पता , दूरभाष सं० एवं ई०मेल आई डी०– कार्यपालक अभियंता , लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा / 9471742851 ई०मेल – eemidchaibasa@gmail.com, eemidchai-cemr-jhr@nic.in
8. निविदा के B.O.Q की राशि घट–बढ़ सकती है तदानुसार B.O.Q के मूल्य एवं अग्रधन की राशि में बदलाव होगा ।
9. प्राक्कलित राशि का 10 प्रतिशत से नीचे के दर से निविदित (Quoted rate is more than 10% below the schedule rate) के परिपेक्ष में पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के शर्तावली के अनुसार अतिरिक्त जमानत की राशि एकरारनामा करने के समय जमा करना अनिवार्य होगा ।
10. निविदा निष्पादन Duuble Bid Envelope पद्धति से किया जाएगा Technical Bid में सफल निविदादाता का ही Financial Bid खोला जाएगा। उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम का पत्रांक 1679, दिनांक 23.12.2022 के आलोक में निविदा डालने के समय चाईबासा जिलान्तर्गत किसी भी प्रमण्डल / विभाग द्वारा आवंटित कार्य एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नही होने संबंधी शपथ–पत्र Affidavit देना होगा। निविदा के एक NIT में एक निबंधन पर दो से अधिक कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा। वैसे संवेदक जो एकरारनामा में अंकित कार्य पूर्ण करने की तिथि तक योजनाओं का कार्य अधूरा रखे हुए हैं। उन्हें जिला अन्तर्गत चलने वाली किसी भी योजना में तब तक कार्य आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक अपने पूर्व के कार्य को समाप्त न कर दें। जिला अन्तर्गत किसी भी विभाग का कार्य लम्बित होने की सूचना यदि इस कार्यालय को प्राप्त होती है तो संबंधित संवेदक को कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा।
11- Technical Bid में Qualify करने वाले संवेदकों / फर्म का ही Financial Bid खोला जाएगा।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई०–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
13. निविदा खोलने के की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति / दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।
14. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, चाईबासा

PR 379482 West Singhbhum(26-27)#D

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur-492002, Chhattisgarh
Tel No: +91 771 2512000, Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:
NIT No: 17/HDPE-DUCT/EEE/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur, Dated: 08.05.2026
Name of Work: "Supplying and laying of HDPE Ducts for OFC Cable laying along City and Sector-Level Roads in Nava Raipur Atal Nagar, District Raipur (C.G.)." (1st Call)
Estimated cost: INR 15.69 Crore, EMD: INR 16.00 Lakh, Period of Completion: 18 Months
Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 01.06.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Superintending Engineer,
NRANVP

S-47778/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 07.05.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-अम्बिकापुर संभाग
03. स.क्रं. 01 – 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
स.क्रं. 02 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि – 29.05.2026

सरल क्र.	एन.आई. टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	11	राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय अम्बिकापुर जिला सरगुजा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण)	102.67
2	12	शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	83.01

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग अम्बिकापुर
मण्डल अम्बिकापुर

G-262700636/4

कार्यालय कृषि यंत्री, (बिलासपुर/सरगुजा-संभाग), नूतन चौक, इंदिरा विहार (SECL) कॉलोनी के सामने,सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

पिन नं.-495006 Telephone No.:-07752-405087
Email Id:- aebilaspur@gmail.com

"किसान ड्रोन क्रय करने हेतु अनुदान सूचना"

सर्व संबंधित कृषकगणों को अवगत कराया जाता है कि कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजनान्तर्गत किसान ड्रोन क्रय करने हेतु बिलासपुर/सरगुजा-संभाग, के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन अन्तर्गत संचालनालय कृषि, छ.ग., रायपुर द्वारा पंजीकृत फर्म से न्यूनतम राशि रू. 10.00 लाख तक के "किसान ड्रोन" क्रय करने पर क्रय राशि का 50% अथवा 05 लाख रू. अधिकतम कृषि स्नातक एवं 40% अथवा 04 लाख रू. अधिकतम गैर कृषि स्नातक हेतु अनुदान राशि दिये जाने का प्रावधान हैं। अतः इच्छुक कृषक अनुदान प्राप्ति हेतु कार्यालय कृषि यंत्री, नूतन चौक, सरकण्डा, बिलासपुर पिन नं.:-495001 से आवेदन पत्र प्राप्त कर योजना का लाभ ले सकते है। कृषकों का चयन "प्रथम आवे प्रथम पावे" के आधार पर किया जावेगा। आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन संपर्क नं.:-07752-405087 में कॉल करें।

कृषि यंत्री,
(बिलासपुर/सरगुजा-संभाग)
बिलासपुर (छ.ग.)

G-262700641/3

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No.02-16/SE-I-(S&P)/TR-25/S&P/48/213 Raipur, Dtd. 08.05.2026

E-BIDDING TENDER NOTICE

Online bids are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for Supply of following material-

S.N.	Tender no. /RFx No.	Description	Due Date & time
1.	TR- 25/S&P/48 RFx No- 8100051402	Tri-Vector Energy Meter.	03.06.2026 Upto 15:00 Hrs

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

Chief Engineer (S&P)
CSPTCL: Raipur

SAVE ELECTRICITY

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 190536/निविदा सूचना क्र. 02/ वलेली/ 2026-27,
बेमेतरा दिनांक 08.05.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **29.05.2026** 17:30 तक ऑन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

कार्य का नाम – बेमेतरा (दुर्ग) जिले के विकासखण्ड साजा की रानो स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- रू. 247.91 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 15.05.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-262700628/2

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174.Website :www.sldccg.com. Email : office@sldccg.com

e-Notice Inviting Tender (e-NIT)

No.: 03-02/SLDC/e-bidding/TR-273/296, Raipur, Dtd.: 11-05-2026
Tender No. : TR-273

Tender for Work of Implementation and Maintenance of Log Management Software and Security Management Software with Deployment of 01 No. Manpower at SLDC.

Online bids are invited through CSPTCL Tendering System (SAP-SRM) from Eligible Contractor/ Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened & will be allowed registration for this tender till following date.

Important Dates:
Last date for Submission of Tender Document:**02.06.2026, upto 12:00 PM Only.**
Date of opening of Tender Document:**02.06.2026 at 12:30 PM.**
The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com&www.cspc.co.in.

CHIEF ENGINEER (SLDC),
CSPTCL, RAIPUR

// Save Electricity //

Public Works Department Office of The Superintending Engineer, Pwd, Durg Circle Durg (C.G.)

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) (1st Call)

No. 01/Durg/2026-27 Durg, Dated 07.05.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

जिला दुर्ग में संभाग स्तरीय बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण कार्य हेतु वास्तुविद् चयन करने बाबत ।

Situated at Durg
Estimated cost of project Rs. 1322.30 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Durg Division Durg
1	For project cost Between 10 to 25 Crore	Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD.	Rs. 17,000=00

General condition :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 28.05.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending EngineerPublic
Works Department
Durg Circle Durg

G-262700623/4

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	11	7	4	14
हैदराबाद	11	7	4	14
गुजरात	11	7	4	14
पंजाब	11	6	4	13
चेन्नई	11	6	5	12
राजस्थान	11	6	5	12
दिल्ली	12	5	7	10
कोलकाता	10	4	5	9
मुंबई	11	3	8	6
लखनऊ	11	3	8	6

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

आईसीसी वार्षिक वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1', पाकिस्तान को झटका

दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा, 'नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज 5 अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है।' भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका 102 अंक के साथ पाकिस्तान (98) को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा भार (100 प्रतिशत) दिया जाता है जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को आधा भार (50 प्रतिशत) दिया जाता है।

बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर

शीर्ष 10 में बाकी टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। श्रीलंका (96), अफगानिस्तान (93) और इंग्लैंड (89) शीर्ष आठ में शामिल अन्य टीम हैं। बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज के अब 74 अंक हैं। वेस्टइंडीज पिछले अपडेट में बांग्लादेश से छह अंक से पीछे था लेकिन अब यह अंतर बढ़कर 10 अंक हो गया है। आईसीसी ने कहा, ' इसके दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण परिणाम होंगे क्योंकि वे आईसीसी पुरुषों के क्रिकेट विश्व कप 2027 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने की कोशिश कर रही हैं।'

टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

वनडे और टी20 क्रिकेट में भारत के लगातार दबदबे के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया इस समय आईसीसी पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर है। यह देश महिलाओं की वनडे और टी20 दोनों ही टीम रैंकिंग में भी पहले स्थान पर काबिज है।

दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्वालीफाई

आईसीसी ने कहा, '31 मार्च 2027 तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष आठ टीम सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी। इनके अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे भी स्वतः क्वालीफाई कर चुके हैं।' इस संदर्भ में यदि दक्षिण अफ्रीका शीर्ष आठ स्थान में बना रहता है तो नौवां स्थान सीधे विश्व कप का टिकट पाने के लिए महत्वपूर्ण हो जाएगा।

आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को छोड़ा पीछे

आयरलैंड (54) ने जिम्बाब्वे (53) को पीछे छोड़ते हुए 11वां स्थान हासिल कर लिया है जबकि अमेरिका 13वें स्थान पर पहुंच गया है। अमेरिका (46) ने स्कॉटलैंड (44) को पीछे छोड़ा है यूएई को भी फायदा हुआ है और वह कनाडा को पीछे छोड़ते हुए 19वें स्थान पर है जिसके कुल 16 अंक हैं।

नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वीं पायदान पर

नीदरलैंड ने रैंकिंग अपडेट में सबसे मजबूत बढ़त में से एक दर्ज की, चार अंक जोड़कर 44 पर पहुंच गया, जबकि ओमान 33 अंकों तक पहुंच गया। नेपाल चार अंकों की गिरावट के साथ 25वें स्थान पर खिसक गया, जबकि नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गया।

खबर संक्षेप

आरसीबी के हेड कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना

रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने कहा, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, ' एंडी को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो 'मैच के दौरान स्पष्ट रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग' करने से संबंधित है। एंडी ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी अमित शर्मा के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब को 3 विकेट से हराया

पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार प्लेऑफ की रेस में बरकरार दिल्ली

माधव तिवारी बने प्लेयर ऑफ द मैच

अक्षर और मिलर ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

कप्तान अक्षर पटेल और डेविड मिलर के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को खराब शुरुआत से उबरकर पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा।

इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में 5 जीत से 10 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पंजाब की टीम लगातार चौथी हार के बाद 11 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 33 रन पर 3 विकेट गंवाने के बावजूद अक्षर (56 रन, 30 गेंद, 8 चौके, 2 छक्के) और डेविड मिलर (51 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 64 रन की साझेदारी से 19 ओवर में 7 विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की।

दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल रनचेज

226 बनाम आरआर, जयपुर, 2026
211 बनाम पंजाब, धर्मशाला, 2026
210 बनाम लखनउ, विशाखपट्टनम, 2025
209 बनाम गुजरात, दिल्ली, 2017
207 बनाम पंजाब, जयपुर, 2025

स्कोर बोर्ड

पंजाब किंग्स	रन	गेंद	4	6
प्रियांश आर्य का पारख बो तिवारी	56	33	2	6
प्रभसिमरन का आकिब बो मुकेश	18	15	3	0
श्रेयस अय्यर नाबाद	59	36	5	3
कोनोली का मिलर बो तिवारी	38	27	3	2
स्टोइनिस का तिवारी बो स्टार्क	01	02	0	0
शशांक सिंह का अक्षर बो स्टार्क	00	01	0	0
सूर्यांश शेडगे नाबाद	21	8	2	2

अतिरिक्त:17, कुल:20 ओवर में 210/5 रन
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-57-2, आकिब 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश 4-0-31-1, तिवारी 4-0-40-2

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
राहुल का यानसेन बो अर्शदीप	09	8	2	0
अभिषेक पोरेल बो यश	05	6	1	0
साहिल का चहल बो अर्शदीप	13	6	1	1
ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट	12	17	1	0
अक्षर का इवारशुइस बो स्टोइनिस	56	30	8	2
मिलर का प्रभसिमरन बो इवारशुइस	51	28	3	4
आशुतोष शर्मा का स्थानापन्न बो यश	24	10	2	2
माधव तिवारी नाबाद	18	8	2	1
आकिब नबी नाबाद	10	2	1	1

अतिरिक्त: 18, कुल:19 ओवर में 216/7 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-21-2, यश 4-0-55-2, यानसेन 4-0-45-0, इवारशुइस 4-0-51-1, स्टोइनिस 3-0-44-1

प्रियांश ने यशस्वी हेड और जयसूर्या को छोड़ा पीछे

प्रियांश आर्या ने दिल्ली के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाए और अब वो आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए। प्रियांश आर्या ने इस सीजन में पावरप्ले में अब तक कुल 26 छक्के लगाए हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, ट्रैविस हेड और सनत जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 22-22 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर 32 छक्के के साथ मौजूद हैं।

पाकिस्तान-बांग्लादेश दौरा

ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान कमिंस, स्टार्क, जोश बाहर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने के आखिर में पाकिस्तान और बांग्लादेश में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड को अपनी टीम में नहीं चुना है।

■ मिचेल मार्श दोनों टीम की करेंगे कप्तानी

ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर लियाम स्कॉट और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप टीम के कप्तान ओली पीक को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है।

युवा बल्लेबाज जोएल डेविस को जून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। उन्हें भी पहली बार मौका मिला है।

HDFC BANK एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

रजि. कार्यालय, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400013
शाखा का पता: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, सुख सागर भवन, भाटापारा रोड, कॉर्पोरेशन बैंक के सामने, बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़ 493332

सरफेसी अधिनियम (2002) की धारा 13 (2) के तहत पंजीकृत डाक द्वारा पावती सहित नोटिस।

संदर्भ संख्या: HDFC/KGC/SARFA/D1 दि .05/05/2026

प्रति,
1. योगेन्द्र नारायण देवांगन पिता सुख्खू राम देवांगन (प्राथमिक आवेदक)
पता: ग्राम-कटगी तह - कसडोल जिला-बलौदा बाजार-493344
2. सुनीता देवांगन पत्नी योगेन्द्र नारायण देवांगन (सह-आवेदक)
पता: ग्राम-कटगी तह-कसडोल जिला-बलौदा बाजार-493344
3. अभिषेक देवांगन पुत्र योगेन्द्र देवांगन (सह-आवेदक)
पता: ग्राम-कटगी तह कसडोल जिला-बलौदा बाजार-493344
4. गोमती देवांगन पत्नी सुखु राम देवांगन (सह-आवेदक)
पता: ग्राम-कटगी तह - कसडोल जिला-बलौदा बाजार-493344
5. कमल नारायण देवांगन पिता सुख्खू राम देवांगन (सह-आवेदक)
पता: ग्राम-कटगी तह कसडोल जिला-बलौदा बाजार-493344
6. राम नारायण देवांगन पिता सुखु राम देवांगन (सह-आवेदक)
पता: ग्राम-कटगी तह कसडोल जिला-बलौदा बाजार-493344
7. शकुंतला देवांगन पत्नी रामनाथ देवांगन (सह-आवेदक)
पता: वार्ड क्रमांक 06 न्यू चंदनिया पारा जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा - 495668
8. जानकी देवांगन पत्नी अवधेश देवांगन (सह-आवेदक)
पता: वार्ड क्रमांक 08 देवांगन पारा चांपा जिला-जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा-495668
9. आनंद राम देवांगन पिता टीटू राम देवांगन (गारंटर)
पता: हीरा चौक कटगी तह.- कसडोल जिला-बलौदा बाजार पिन-493344

प्रिय महोदय/महोदया,
विषय: प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत नोटिस।

अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002, जिसे इसके बाद 'अधिनियम' कहा जाएगा, के प्रावधानों के अनुसार बैंक द्वारा अधिकृत अधिकारी के रूप में विधिवत नियुक्त अधोहस्ताक्षरी, आपको निम्नलिखित नोटिस जारी करता/करती है:
आपके अनुरोध पर, एचडीएफसी बैंक ने कुल 60,00,000/- रुपये (साठ लाख रुपये मात्र) की ऋण सुविधाएँ प्रदान की थीं। आपने वर्ष 2018-2019 में इस संबंध में संबंधित सुरक्षा दस्तावेज भी निष्पादित किए हैं। आप क्रमांक 1 आवेदक हैं, क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6, 7 और 8 इसके साझेदार हैं और सह-ऋणकर्ता हैं, तथा क्रमांक 9 उपरोक्त ऋण सुविधाओं के लिए गारंटर हैं। आपने समय-समय पर पत्रों और अन्य दस्तावेजों के माध्यम से उपरोक्त सुविधा के संबंध में अपनी देनदारी की पुष्टि भी की है।
इस नोटिस की दिनांक 05/05/2026 तक बैंक को देय कुल बकाया राशि 75,54,868/- रुपये (पचहत्तर लाख चौवन हजार आठ सौ अड़सठ रुपये मात्र) है। उपर्युक्त वित्तीय सहायता का संचालन और आचरण अत्यधिक अनियमित हो गया था। आपने उपर्युक्त सुरक्षित ऋण का भुगतान करने में लापरवाही बरती है और पुनर्भुगतान में चूक की है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिसंपत्ति वर्गीकरण संबंधी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार, मूल ऋण और उस पर ब्याज के पुनर्भुगतान में आपकी चूक के परिणामस्वरूप, इस ऋण को 01/10/2025 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन परिस्थितियों में बैंक ने ऋण वापस लेने का निर्णय लिया है।
बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, आप उपर्युक्त बकाया राशि/बकाया देनदारियों का भुगतान करने में विफल रहे हैं। बकाया राशि और संपार्श्विक सुरक्षा सहित ऋण सुविधाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	वितरण तिथि	वितरण राशि	मूलधन	ब्याज	05.05.2026 तक कुल बकाया राशि
50200033187691	नकद ऋण	25-08-2028	4440000.00	4999601.00	911071.00	5910672.00
50200033187636	नकद ऋण	25-08-2028	1560000.00	1558913.00	85283.00	1644196.00
योग			6000000.00	6558514.00	996354.00	7554868.00

सुरक्षा: 1. श्री कमल नारायण, योगेंद्र नारायण, राम नारायण, शकुंतला देवांगन, जानकी देवांगन और गोमती देवांगन की शहरी संपत्ति के स्वामित्व विलेख को गिरवी रखने के संबंध में सूचना। 2. संपत्ति का वह भाग और अंश, क्षेत्र सर्वेक्षण संख्या 1179/6, आवासीय फ्लैट, ग्राम-कटगी, प.ह.नं. 18, तह.-कसडोल, जिला-बलौदा बाजार, भाटापारा में स्थित, संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 0.0530 हेक्टेयर है। चौहद्दी :- पूर्व-चांदराम की भूमि, पश्चिम-आनंद राम की भूमि, उत्तर-सड़क, दक्षिण-शंकर एवं भागवत की भूमि।

क्र.सं.	स्वामी का नाम	प्रकार/प्रकृति	संपत्ति का पता
1	कमल नारायण देवांगन, योगेन्द्र नारायण देवांगन, राम नारायण देवांगन, शकुंतला देवांगन, जानकी देवांगन व गोमती देवांगन	आवासीय फ्लैट	ग्राम कटगी, प.ह.नं. 18 तह.-कसडोल जिला-बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग.

दिनांक 05/05/2026 तक बैंक को देय आपकी बकाया राशि 75,54,868/- रुपये (पचहत्तर लाख चौवन हजार आठ सौ अड़सठ रुपये मात्र) है। आप उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर से भविष्य के ब्याज के साथ-साथ आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। यदि आप बैंक को उपरोक्त राशि 75,54,868/- रुपये (पचहत्तर लाख चौवन हजार आठ सौ अड़सठ रुपये मात्र) का भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो अधिनियम की धारा 13(2) के तहत इस नोटिस में उल्लिखित ब्याज सहित अतिरिक्त ब्याज का भुगतान करने पर, बैंक धारा 13 की उपधारा (4) और उक्त अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों के तहत वर्णित सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगा।
उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी आपको संयुक्त रूप से और अलग-अलग रूप से बैंक की रू. 75,54,868/- (पचहत्तर लाख चौवन हजार आठ सौ अड़सठ रुपये मात्र) की देनदारी का पूर्ण भुगतान करने का आह्वान करते हैं, जिसमें भविष्य का ब्याज और 18% प्रति वर्ष की दर से दंडात्मक ब्याज भी शामिल है। देय राशि, आकस्मिक व्यय और अन्य लागतों का पूर्ण भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए, अन्यथा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिन गिरवी संपत्तियों को लागू किया जाना है, उनका विवरण ऊपर पहले ही दिया जा चुका है।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आप बैंक की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना इस सूचना में निर्दिष्ट गिरवी संपत्तियों का विक्रय/पट्टा या किसी अन्य माध्यम से कब्जा हस्तांतरित नहीं करेंगे। यह नोटिस सुरक्षित लेनदार को उपलब्ध अन्य कानूनी अधिकारों/उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जारी किया गया है, जिसके तहत वह किसी भी अन्य लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार उचित और आवश्यक समझे जाने वाली कोई अन्य कानूनी कार्यवाही शुरू कर सकता है या पहले से शुरू की गई कानूनी कार्रवाइयों को सामान्य रूप से जारी रख सकता है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि अधिनियम के तहत दिए गए निषेधाज्ञा/प्रतिबंध का उल्लंघन एक अपराध है।
कृपया इस नोटिस के तहत की गई मांग का पालन करें और किसी भी प्रकार की अप्रियता से बचें। अनुपालन न करने की स्थिति में, आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और आपको सभी लागतों और परिणामों के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

भवदीय, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए
लक्ष्मीचंद देवांगन (अधिकृत अधिकारी)

डब्ल्यूएफआई से तनातनी के बीच गोंडा पहुंचीं विनेश बोलीं- रखती हूं पात्रता

एजेंसी ▶▶| गोंडा

विनेश फोगाट सोमवार को गोंडा पहुंची और भारतीय कुश्ती महासंघ के कारण बताओ नोटिस का जवाब देकर दावा किया कि वह संन्यास के बाद वापसी की पात्रता रखती है हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने दोहराया कि वह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती।

महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने इससे पहले कहा था कि विनेश 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले सकती क्योंकि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के वापसी के बाद उन्होंने छह महीने का अनिवार्य नोटिस पूरा नहीं किया है।

वाडा की संहिता का नियम नहीं होता लागू : विनेश

विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5.6.1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं।

बार्सिलोना ने 29वीं बार जीता ला लीगा का खिताब

चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की। इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब बार्सिलोना की 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं।

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 8699142824, 8495973890
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें]
चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके कब्जा ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30/05/2026 को केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि
ऋणी-मेसर्स महक रियलइन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड पैराडाइज रिंग रोड नंबर 1, रायपुरा चौक सुंदर नगर, रायपुर-492013 पार्टनर्स- (1) श्रीमती स्मृति देवांगन पत्नी राजकुमार देवांगन (2) श्री राजकुमार देवांगन पुत्र कुंजबिहारी लाल देवांगन जमानतदारः श्री राज्यवर्धन देवांगन पुत्र राजकुमार देवांगन,	खसरा क्रमांक 233/7,233/8 एवं 233/9 का भाग, फ्लैट क्रमांक 03, ब्लॉक एमबी, बिल्डिंग 'सोलस हाइट्स' चतुर्थ तल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 46, पीसी क्रमांक 114, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) खाता क्रमांक-3045, संपत्ति मालिक-राज्यवर्धन देवांगन क्षेत्रफल-981 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः-उत्तरः फ्लैट क्रमांक एमबी-04, दक्षिणः खुला स्थान, पूर्वः गलियारा, पश्चिमः खुला स्थान सांकेतिक कब्जा BAANKNET PROPERTY ID: CNRBMAHAKR COORDINATES: 21.220101, 81.683793	10.04.2023 / 11.07.2023 / दि. 08/05/2026 को ₹ 61,16,840.97 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 21,75,000/- / ₹ 2,17,500/- / ₹ 10,000/-
ऋणी-मैसर्स इवकदाना रेस्तरां, प्रोपराइटर- श्री फिरोज इब्राहिम शेख मकान नंबर 107/23, कुंद्रापारा, गुढ़ियारी, बृंदावनगढ़, रायपुर 492001 जमानतदारः श्री मोहम्मद साबिर खान	संपत्ति का समस्त भू भाग डायवर्टेड भूमि एवं रिहायशी भवन स्थित खसरा नं. 555/3, ग्राम थान खमरिया में स्थित, पीसी सं.: 07, तहसीलः थान खमरिया, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) क्षेत्रफल- 23672 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः उत्तरः खसरा नं. 532, दक्षिणः खसरा नं. 555/2, पूर्वः खसरा नं. 532,553, पश्चिमः खसरा नं. 552/2 सांकेतिक कब्जा BAANKNET PROPERTY ID: CNRB95180254 LATITUDE: 21.795446 LONGITUDE: 81.333903	13/11/2018 / 05/02/2019 / दि. 08/05/2026 को ₹ 93,46,695.80 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 59,00,000/- / ₹ 5,90,000/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- मेसर्स ए के इंटरप्राइजेस प्रोपः मो. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान, (1) मो. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान (2) मो. यूसुफ खान पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान सभी का पताः प.ह.नं 14, खसरा नं. 6561 (भाग), वार्ड नंबर 07, कृपाल नगर, कोखा, भिलाई, छ.ग.-490023	श्री मोहम्मद यूसुफ खान के नाम पर आवासीय भूमि और भवन का समस्त भू भाग स्थित प.ह.नं. 14, खसरा नंबर 7357/5 (भाग), वार्ड नंबर 14, फरीद नगर, मुरुम खदान रोड, भिलाई, छ.ग. क्षेत्रफल- 2508 वर्गफिट डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः पूर्व : अब्दुल कादिर की भूमि, पश्चिम : परवेज आलम की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : सड़क BAANKNET PROPERTY ID: CNRBAKENTER2 COORDINATES: 21.216890, 81.344961 भौतिक कब्जा	13/09/2023 / 28/11/2023 / दि. 08/05/2026 को ₹ 2,75,55,886.67 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 48,00,000/- / ₹ 4,80,000/- / ₹ 10,000/-
ऋणीः श्री संदीप जेठानी पुत्र राजकुमार जेठानी C/o भूषण लाल चंद्राकर 1881 डब्ल्यू 32 ओप्पो भाल रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 श्रीमती सोनिया जेठानी पत्नि संदीप जेठानी C/o भूषण लाल	रिहायशी फ्लैट क्षेत्रफल- 1108 वर्गफुट स्थित फ्लैट नं. 204, दूसरी मंजिल, जीटी हाइट्स, खसरा नंबर 20/8-9-10, पीएच नंबर 110/63, मौजा शंकर नगर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड नंबर 29, तह. एवं जिला- रायपुर, क्षेत्रफल -1108 वर्गफुट चर्तुसीमाएँः उत्तरः फ्लैट नंबर 201, दक्षिणः खुला क्षेत्र, पूर्वः फ्लैट नंबर 203, पश्चिमः खुला क्षेत्र PROPERTY ID: CNRBJETHANI COORDINATES: 21.254667, 81.663081 सांकेतिक कब्जा	30.08.2023 / 01.11.2023 / दि. 08/05/2026 को ₹ 50,06,574.14 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 44,65,000/- / ₹ 4,46,500/- / ₹ 10,000/-
ऋणीः श्री राहुल डोडेजा पुत्र अनूप कुमार डोडेजा एमआईजी 5 शंकर निवास एनपीएचबी कॉलोनी कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 सहऋणी-श्रीमती काजल डोडेजा पत्नि अनूप डोडेजा	फ्लैट नं. 602, छटवीं तल, I ब्लॉक, ग्रीन ग्लोरी, खसरा नं. 1211/22, 1320/21, 1216/19, 1217/19, 1218/31, 1211/23, 1320/22, 1216/20, 1217/20, 1218/32, का भाग, पी.एच. नं. 63, शंकर नगर, महर्षि वाल्मीकि वार्ड क्रमांक 28, आर.आई.सी. -रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ संपत्ति की चर्तुसीमाएँ- पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम-कॉलोनी रोड, उत्तर-फ्लैट I, 601, दक्षिण-खुला स्थान GPS Location: Lat:21.2574699° Long: 81.68327450° Baannet Property ID- CNRB245991737 सांकेतिक कब्जा	30.08.2023 / 01.11.2023 / दि. 08/05/2026 को ₹ 1,53,75,015.36 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 17,00,000/- / ₹ 1,70,000/- / ₹ 10,000/-

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29/05/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30/05/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)
(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.8699142824, 8495973890), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलान्यस प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।
दिनांक : 08-05-2026, स्थान : जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

ऐतिहासिक

ये हैं पश्चिम बंगाल के 8 प्रमुख शहर

कोलकाता से दार्जिलिंग तक यहां का हर कोना है खास

कोलकाता। पश्चिम बंगाल भारत का एक प्रमुख और समृद्ध राज्य है, जो अपनी विविध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और तेज़ी से विकसित होते शहरों के लिए जाना जाता है। यहां के शहर न सिर्फ पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शिक्षा, उद्योग, व्यापार और कला के केंद्र भी हैं। राजधानी कोलकाता से लेकर पहाड़ी इलाकों के दार्जिलिंग तक, हर शहर की अपनी एक खास पहचान है। इन शहरों में परंपरा और आधुनिकता का अनोखा संगम देखने को मिलता है, जो देश-विदेश के लोगों को आकर्षित करता है।

कोलकाता

कोलकाता पश्चिम बंगाल की राजधानी और सांस्कृतिक केंद्र है। 'सिटी ऑफ जॉय' के नाम से मशहूर यह शहर अपनी औपनिवेशिक वास्तुकला, हावड़ा ब्रिज और विक्टोरिया मेमोरियल के लिए जाना जाता है। दुर्गा पूजा यहां का सबसे बड़ा त्योहार है, जो पूरे शहर को रोशनी और उत्साह से भर देता है। साहित्य, संगीत और थिएटर की समृद्ध परंपरा इसे खास बनाती है। साथ ही, यहां का स्ट्रीट फूड और पुरानी ट्राम सेवा भी आकर्षण का केंद्र है।



खड़गपुर

खड़गपुर अपनी शैक्षणिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है, क्योंकि यहां आईआईटी खड़गपुर स्थित है। यह भारत के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में से एक है। शहर का रेलवे जंक्शन भी काफी बड़ा और व्यस्त है। शिक्षा, अनुसंधान और तकनीक के क्षेत्र में खड़गपुर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हल्दिया

हल्दिया एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर है, जो पश्चिम बंगाल के व्यापार में अहम भूमिका निभाता है। यहां पेट्रोकेमिकल और शिपिंग उद्योग का बड़ा नेटवर्क है। हल्दिया पोर्ट से कई देशों के साथ व्यापार होता है। यह शहर औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए भी जाना जाता है।

दार्जिलिंग

दार्जिलिंग एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो अपनी ठंडी जलवायु और चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है। यहां से कंचनजंगा पर्वत का मनमोहक दृश्य देखने को मिलता है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, जिसे टॉय ट्रेन कहा जाता है, पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और हनीमून कपल्स के लिए आदर्श माना जाता है। शांत वातावरण और हरियाली इसे बेहद आकर्षक बनाते हैं।

दुर्गापुर

दुर्गापुर पश्चिम बंगाल का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है, जहां स्टील, पावर और केमिकल उद्योग बड़े स्तर पर मौजूद हैं। यह शहर योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया गया है, जिससे यहां की सड़कें और बुनियादी ढांचा बेहतर हैं। दुर्गापुर बैराज और कई हरे-भरे पार्क इसे आकर्षक बनाते हैं। उद्योग और पर्यावरण का संतुलन इसे रहने के लिए उपयुक्त शहर बनाता है।

हावड़ा

हावड़ा, कोलकाता के पास स्थित एक प्रमुख औद्योगिक और परिवहन केंद्र है। हावड़ा ब्रिज इसकी पहचान है, जो हुगली नदी पर बना एक ऐतिहासिक पुल है। यहां का रेलवे स्टेशन देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में गिना जाता है। यह शहर व्यापारिक गतिविधियों और कनेक्टिविटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कोलकाता के साथ मिलकर यह क्षेत्र आर्थिक विकास को गति देता है।

सिलीगुड़ी

सिलीगुड़ी को 'गेटवे ऑफ नॉर्थ-ईस्ट' कहा जाता है, क्योंकि यह पूर्वोत्तर भारत का मुख्य प्रवेश द्वार है। यह शहर व्यापार, परिवहन और लॉजिस्टिक्स का बड़ा केंद्र है। यहां से दार्जिलिंग, सिक्किम और भूटान के लिए यात्रा आसान होती है। तेजी से विकसित हो रहा यह शहर आधुनिक सुविधाओं से लैस है। प्राकृतिक सुंदरता और व्यावसायिक गतिविधियों का संतुलन इसे खास बनाता है।

कूचबिहार

कूचबिहार अपने शाही इतिहास और भव्य वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यहां का कूचबिहार पैलेस यूरोपीय शैली में बना एक शानदार महल है। यह शहर कभी एक रियासत का हिस्सा था, जिसकी झलक आज भी यहां देखने को मिलती है। शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व इसे पर्यटन के लिए खास बनाते हैं।

8000 किमी तय कर दोस्त से मिलने आता है पेंगुइन

ब्रासीलिया। यह कहानी है ब्राजील के मछुआरे 'जोआओ परेरा डी सूजा' और एक मैजेलैनिक पेंगुइन 'डिंडिम द पेंगुइन' की, जिनकी दोस्ती ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। साल 2011 में रियो डी जनेरियो के पास प्रोवेटा बीच पर जोआओ को एक कमजोर और घायल पेंगुइन मिला। उसका शरीर तेल से सना हुआ था, पंख आपस में चिपक चुके थे और वह खुद को गर्म रखने में असमर्थ था। हालत ऐसी थी कि उसकी जान कभी भी जा सकती थी।

जोआओ के घर वापस आया पेंगुइन

लेकिन, कुछ महीनों बाद जो हुआ, वह किसी चमत्कार से कम नहीं था। वहीं पेंगुइन वापस लौटा, सीधे उसी बीच पर, और फिर जोआओ के घर तक पहुंच गया। इसके बाद यह सिलसिला हर साल जारी रहा, मानो दोनों के बीच कोई अनदेखा रिश्ता बन चुका हो।

पेंगुइन की जान बचाई

जोआओ उसे अपने घर ले आए और कई हफ्तों तक उसकी देखभाल की। उन्होंने धीरे-धीरे उसके शरीर से तेल साफ किया, उसे खाना खिलाया और तब तक संभाला, जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो गया। जब पेंगुइन ठीक हो गया, तो जोआओ ने उसे समुद्र में छोड़ दिया। उस वक्त यह एक सामान्य विदाई थी, कम से कम उन्हें यही लगा।

दुनिया का इकलौता शख्स, जो ना मरने से है परेशान

डोडोमा। दुनिया में कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जिन्हें सुनकर इंसान सोच में पड़ जाता है कि यह सच है या सिर्फ किस्सा. एक शख्स इस्माइल अजीजी को लोग अब "अमर इंसान" कहने लगे हैं। वजह यह है कि वह एक या दो नहीं, बल्कि पूरे छह बार मौत के मुंह से लौट चुके हैं। दरअसल, इस्माइल अजीजी की कहानी की शुरुआत एक साधारण हादसे से हुई।'एफ्रीमैक्स' की एक डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, वह अपने ऑफिस में थे, तभी एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गए. हालत इतनी खराब थी कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार टूट गया और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई। लेकिन, किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। जब उनका शरीर ताबूत में रखकर कब्रिस्तान ले जाया जा रहा था, तभी अचानक वो होश में आए और ताबूत से बाहर निकलने लगे। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर शख्स डर और हैरानी में पड़ गया।

■ 6 बार हुई मौत, लेकिन हर बार कब्र से हो जाता है जिंदा!

पहली घटना के बाद लोगों को लगा कि यह सिर्फ एक संयोग था, लेकिन ऐसा नहीं था। कुछ समय बाद इस्माइल को गंभीर मलेरिया हुआ। डॉक्टरों ने फिर से उन्हें मृत घोषित कर दिया, लेकिन एक बार फिर वे वापस लौट आए। इसके बाद एक भयानक कार एक्सीडेंट में वह कोमा में चले गए, हालत इतनी खराब थी कि इस बार भी उन्हें मृत मान लिया गया। लेकिन, कुछ समय बाद उन्होंने फिर से आंखें खोल दीं, जैसे कुछ हुआ ही न हो।

शादी के लिए इस देश में लगता है बाजार, खरीदे जाते हैं दूल्हा-दुल्हन!



बीजिंग। आज के दौर में जहां डेटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया के जरिए रिश्ते बनाना आम हो गया है, वहीं चीन का एक शहर आज भी पारंपरिक तरीके से जीवनसाथी ढूंढने की परंपरा निभा रहा है। यह शहर है शंघाई, जहां हर सप्ताहांत एक अनोखा 'मैरिज मार्केट' सजता है। यहां दिलचस्प बात यह है कि इस बाजार में युवा खुद कम ही नजर आते हैं। उनकी जगह उनके माता-पिता या दादा-दादी उनके लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश में पहुंचते हैं और साथ में बच्चों का पूरा बायोडाटा लेकर आते हैं।

कैसे होती है यहां शादी : इस बायोडाटा में उम्र, लंबाई, शिक्षा, नौकरी, आय, और यहां तक कि घर या कार जैसी संपत्ति की जानकारी भी शामिल होती है। माता-पिता इन जानकारियों को कागज पर लिखकर छतरियों पर टांग देते हैं या जमीन पर सजा देते हैं, ताकि दूसरे लोग उन्हें पढ़ सकें। इसके बाद वे इस बाजार में घूम-घूमकर दूसरे प्रोफाइल देखते हैं और अगर कोई रिश्ता पसंद आता है, तो वहीं बातचीत शुरू कर देते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारंपरिक है, लेकिन आज भी काफी प्रभावी मानी जाती है।

मैरिज मार्केट है काफी फेमस : हालांकि, शंघाई को चीन के सबसे आधुनिक और विकसित शहरों में गिना जाता है, फिर भी यह मैरिज मार्केट इस बात का उदाहरण है कि परंपराएं आज भी समाज में गहराई से जुड़ी हुई हैं।

परिवार की भागीदारी का प्रतीक

दरअसल, चीन के बड़े शहरों में रहने वाले कई युवा अपने कॅरियर और व्यस्त जीवनशैली में इतने उलझे रहते हैं कि उन्हें खुद साथी ढूंढने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में उनके माता-पिता यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले लेते हैं। यह सिर्फ एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि परिवार की भागीदारी का भी प्रतीक है, जहां शादी जैसे महत्वपूर्ण फैसले में पूरे परिवार की भूमिका होती है। शंघाई में हुकोऊ यानी स्थायी निवास का दर्जा भी रिश्तों में अहम भूमिका निभाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com